उज्जैन
सोमवार
23
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-138
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र




लैक्मे फैशन वीक के तीसरे दिन दिशा पाटनी बनीं शोस्टॉपर तमन्ना भाटिया और खुशी कपूर ने भी रैंप वॉक किया



## राहुल गांधी संवाद कार्यक्रम में शामिल होकर सरकार की नीतियों पर करेंगे चर्चा

**वडोदरा।** राहुल गांधी सोमवार को वडोदरा में 'आदिवासी अधिकार संवाद' कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस सम्मेलन में



आदिवासी क्षेत्रों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए लगभग 1,000 आदिवासी डॉक्टर, इंजीनियर, गैर सरकारी संगठन के सदस्य, कार्यकर्ता और बुद्धिजीवी शामिल होंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए लड़ाई तेज करना, सरकारी नौकरियों में प्रतिनिधित्व और मनरेगा व अन्य योजनाओं में कथित अनियमितताओं पर चर्चा करना है। तस्वीर 12 सितंबर की है। राहुल गांधी जूनागढ़ में पार्टी के 'संगठन सृजन' कार्यक्रम में पहुंचे थे।

## तिरुपति बना देश का सबसे बड़ा आस्था केंद्र श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड भीड़

**नई दिल्ली।** दक्षिण भारत का प्रमुख धार्मिक शहर तिरुपति इन दिनों देश के सबसे तेजी से उभरते तीर्थ पर्यटन केंद्र के रूप में सामने आ रहा है। लगातार बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या, रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच रहे दान और तेजी से हो रहा इंफ्रास्ट्रक्चर विकास इस शहर को एक नई पहचान दे रहे हैं। जहां पहले यह शहर मुख्य रूप से एक धार्मिक स्थल के रूप में जाना जाता था, वहीं अब यह एक व्यापक स्पिरिचुअल इकोनॉमी का केंद्र बन चुका है, जिसमें होटल, परिवहन, रिटेल और सांस्कृतिक गतिविधियों का बड़ा योगदान दिखाई दे रहा है। इस पूरे बदलाव के केंद्र में स्थित है तिरुमला वेंकटेश्वर मंदिर, जिसे दुनिया के सबसे अधिक दर्शन किए जाने वाले और समृद्ध मंदिरों में गिना जाता है।

## प.बंगाल की हालत बांग्लादेश जैसी, यहां मंदिर तोड़ना आम बात

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नंदीग्राम में भगवान श्रीराम की मूर्ति तोड़ने पर विवाद बढ़ता जा रहा है। भाजपा नेता



दिलीप घोष ने सोमवार को कहा कि बंगाल की हालत बांग्लादेश जैसी हो गई है। वहां मंदिर तोड़ना और मंदिरों में चोरी होना आम बात है। यह सब ममता बनर्जी के संरक्षण में हो रहा है। घटना 21 मार्च को मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम के ब्लॉक 2 में हुई। कुछ अज्ञात लोगों ने रामनवमी के लिए तैयार श्रीराम की मूर्ति से तोड़फोड़ की। इसका वीडियो भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया एक्स पर शेयर किया।

## जम्मू यूनिवर्सिटी में जिन्ना से जुड़े टॉपिक्स हटाने की सिफारिश

**जम्मू।** जम्मू यूनिवर्सिटी में एमए पॉलिटिकल साइंस के सिलेबस से मोहम्मद अली जिन्ना, सर सैयद अहमद खान और मोहम्मद इकबाल से जुड़े टॉपिक्स हटाने की सिफारिश की गई है। यह सिफारिश विभागीय मामलों की समिति ने की है। अब इस पर अंतिम फैसला 24 मार्च को बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में होगा। उधर, कांग्रेस का कहना है कि सिलेबस को लेकर विवाद जानबूझकर खड़ा किया जा रहा है। पॉलिटिकल साइंस के सिलेबस में माइनॉरिटीज एंड द नेशन पेपर के तहत जिन्ना के राजनीतिक विचार शामिल किए गए थे, जिसके बाद विवाद शुरू हुआ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन कर इन टॉपिक्स को हटाने की मांग की थी। संगठन ने कहा कि अकादमिक स्वतंत्रता के नाम पर राष्ट्रीय भावनाओं और ऐतिहासिक तथ्यों की अनदेखी नहीं हो सकती।

# सेंसेक्स में 1400 अंक की गिरावट

### 73,100 पर कारोबार कर रहा, निफ्टी 450 अंक टूटा, बैंकिंग और ऑटो शेयर्स में ज्यादा बिकवाली

**ब्रह्मास्त्र » मुंबई**

शेयर बाजार में आज यानी 23 मार्च को बड़ी गिरावट है। सेंसेक्स करीब 1,400 अंक की गिरावट के साथ 73,100 पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में भी करीब 450 अंक की गिरावट है, ये 22,700 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। आज बैंकिंग, ऑटो, एफएमसीजी और आईटी शेयर्स में ज्यादा गिरावट है। सेंसेक्स के सभी 30 शेयरों में आज गिरावट है।



### बाजार गिरने की 3 बड़ी वजहें

- अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध से सप्लाई चेन बिगड़ गई है।
- कच्चे तेल के दाम बढ़कर 114 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गए हैं।
- अमेरिका और एशियाई बाजारों में गिरावट का असर भारत पर।

### एशियाई बाजार में गिरावट

- जापान का निक्केई इंडेक्स 3.35% गिरकर 51,582 पर कारोबार कर रहा है।
- साउथ कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 5.62% चढ़कर 5,456 पर कारोबार कर रहा है।
- हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 3.37% गिरकर 24,424 पर कारोबार कर रहा है।
- चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 2.29% गिरकर 3,866 पर कारोबार कर रहा है।

### कर्नाटक में डिजिटल अरेस्ट कर

## 81 साल के कारोबारी से 15 करोड़ की ठगी

**ब्रह्मास्त्र » बेलगावी**

कर्नाटक के बेलगावी में 81 साल के एक कारोबारी से डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर 15 करोड़ रुपए से ज्यादा ठग लिए गए। आरोपियों ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया और करीब छह हफ्ते तक कॉल और वीडियो कॉल के जरिए उसे डराते रहे। उन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल होने का आरोप लगाते हुए कहा कि 25 लाख की हेराफेरी में उसे 5 लाख रुपए कमीशन मिला है। गिरफ्तारी की धमकी देकर उससे बैंक और वित्तीय जानकारी ली गई और रकम एक कथित सरकारी/सेफ अकाउंट में ट्रांसफर करवाई गई।

# ईरान ने इजराइली शहरों पर क्लस्टर बम दागे


### इजराइल का तेहरान पर जवाबी हमला, कहा- घुटनों पर लेकर आएंगे

**ब्रह्मास्त्र » तेल अवीव**

अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध का आज 24वां दिन हैं। ईरान ने रविवार रात इजराइल की राजधानी तेल अवीव समेत कई शहरों पर क्लस्टर बम दागे।

इस हमले में करीब 15 लोग घायल हुए, जिनमें एक की हालत गंभीर है। कई घरों और सड़कों को भी नुकसान पहुंचा। इसके बाद इजराइल ने भी सोमवार को ईरान की राजधानी तेहरान में मिसाइल हमले किए।

इस बीच, अमेरिका में इजराइल के राजदूत येचिएल लीटर ने कहा कि इजराइल तब तक अपनी सैन्य कार्रवाई जारी रखेगा, जब तक ईरान को 'घुटनों पर' नहीं ला दिया जाता। इजराइल अब ऐसे देश के साथ नहीं रह सकता, जो उस पर लगातार हमले कर रहा है।



दूसरी तरफ ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा है कि किसी भी हमले का जवाब मैदान में दिया जाएगा। अगर ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया गया, तो वह होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर सकता है, जिससे वैश्विक तेल सप्लाई पर बड़ा असर पड़ेगा।

### रिपोर्ट- ईरान से सीजफायर पर बात करना चाहते हैं ट्रम्प

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टीम ईरान के साथ सीजफायर पर बात करना चाहती है। इस काम में ट्रम्प के सलाहकार जेरेड कुशनर और स्टीव विटकॉफ भी लगे हुए हैं। यह जानकारी एक्सियोस न्यूज ने दी है। हालांकि ईरान ने बातचीत के लिए शर्त रखी है कि पहले जंग रोकी जाए और उसे हुए नुकसान का मुआवजा दिया जाए। ईरान का यह भी कहना है कि भविष्य में उस पर फिर से हमला नहीं होगा, इसकी पक्की गारंटी मिले। दूसरी तरफ, ट्रम्प ने साफ कर दिया है कि वे अभी ईरान की सभी शर्तें मानने के लिए तैयार नहीं हैं, खासकर मुआवजे की मांग को। अमेरिका और ईरान के बीच सीधी बातचीत फिलहाल नहीं हो रही है। लेकिन मिस्त्र, कतर और ब्रिटेन जैसे देश मध्यस्थ का रोल निभा रहे हैं।

# मप्र में 26 मार्च से फिर बारिश

### आंधी भी चलेगी, 20 से ज्यादा जिलों में दिखेगा असर

**ब्रह्मास्त्र » भोपाल**

मध्य प्रदेश में मार्च के आखिरी हफ्ते मौसम का मिजाज फिर बदलेगा। मौसम केंद्र भोपाल ने 26 मार्च से बारिश का अलर्ट जारी किया है। नए सिस्टम का असर पूर्वी हिस्से यानी, जबलपुर, रीवा, शहडोल-सागर संभाग के 20 से ज्यादा जिलों में दिखाई देगा।

इससे पहले 3 दिन प्रदेश में तेज गर्मी पड़ेगी। दिन के तापमान में 3 से 5 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिम भारत में एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) 26 मार्च से एक्टिव हो रहा है। जिसका असर एमपी में भी दिखाई देगा।

वर्तमान में दक्षिण-पश्चिम राजस्थान और उससे सटे पाकिस्तान के ऊपर साइक्लोनिक सकुर्लेशन (चक्रवात) सिस्टम सक्रिय है, लेकिन इसका असर प्रदेश में नहीं रहेगा।

ओले-बारिश का दौर थमा तो बढ़ गई गर्मी प्रदेश में 18 से 21 मार्च तक बारिश का दौर चला। शनिवार और रविवार को यह दौर थम गया। इस वजह से गर्मी का असर बढ़ गया। रविवार को अधिकांश शहरों में तापमान 32 डिग्री के पार ही रहा। 5 बड़े शहरों की बात करें तो उज्जैन में 34 डिग्री, इंदौर में 33.3 डिग्री, भोपाल में 33 डिग्री, ग्वालियर में 31.8 डिग्री और जबलपुर में पारा 31.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, नर्मदापुरम प्रदेश में सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 37.7 डिग्री दर्ज किया गया। रायसेन में 37.6 डिग्री, रतलाम में 37.2 डिग्री, खरगोन-नरसिंहपुर में 36 डिग्री, गुना में 33 डिग्री पहुंच गया।

### राजस्थान-दिल्ली में बारिश, पुरी में कोहरा

# उत्तराखंड के केदारनाथ में 4 फीट तक बर्फ जमी

### 3 दिन बाद फिर एक्टिव होगा वेस्टर्न डिस्टरबेंस

**ब्रह्मास्त्र » नई दिल्ली**

राजस्थान और दिल्ली के कई इलाकों में सोमवार सुबह-सुबह बारिश हुई। जबकि ओडिशा के पुरी में घना कोहरा छाया रहा। इससे भगवान जगन्नाथ का मंदिर धुंध में छिप गया।

आईएमडी ने आज हिमाचल, उत्तराखंड, पूर्वी राजस्थान, सिक्किम, असम, मेघालय, अरुणाचल, नगालैंड, मणिपुर मिजोरम, त्रिपुरा, मध्य महाराष्ट्र-मराठवाड़ा, आंध्र प्रदेश-रायलसीमा में आज आंधी-बारिश का अलर्ट है।

कोंकण-गोवा और केरल में आज मौसम उमस भरा रहेगा। वहीं, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की बारिश-बर्फबारी हो सकती है।

देश में बैक-टु-बैक आ रहे वेस्टर्न डिस्टर्बेंस से कई राज्यों में तापमान घट गया है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, दिल्ली, बिहार और झारखंड में दोपहर बाद मौसम सामान्य



रहेगा। आईएमडी के मुताबिक 26 मार्च से एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होगा। जिसके असर से तेज बारिश, आंधी के हालात बनेंगे। लेकिन उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में अगले 5 दिन में तापमान में 4-7 डिग्री तक की बढ़ोतरी हो सकती है।




## खबर एक नजर...

### 25 मार्च को संपूर्ण शहर में नहीं होगा जल प्रदाय


**उज्जैन।** महापौर मुकेश टटवाल एवं पी एच ई प्रभारी सदस्य प्रकाश शर्मा द्वारा बताया गया कि लो.स्वा. यां.संधारण खंड उज्जैन नगर पालिक निगम दिनांक 24/03/2026 वार मंगलवार को गंभीर नदी से आ रही मुख्य राइजिंग मेन (गऊघाट हेतु) में पी डब्लूडी रोड चौड़ीकरण व नर्मदा की लाइन जोड़ने के कार्य किया जाना है इस कार्य को दो चरण की किया जाएगा। प्रथम चरण के सुधार कार्य करने हेतु शट डाउन लिया जा रहा है, जिसके चलते दिनांक 25/03/2026 वार बुधवार को संपूर्ण शहर में जलप्रदाय नहीं होगा। शहरवासियों को हुई असुविधा के लिए खेद है।

### घायल महिला की मौत के मामले में केस दर्ज

**उज्जैन।** एक माह पहले बड़नगर फोरलेन मार्ग ग्राम खड़ोतिया में तेजगति से आए बाइक चालक ने दूसरी बाइक पर सवार दंपति को टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में गंभीर रूप से राधाबाई पति महेश 27 साल निवासी ग्राम भुंडवासा इंगोरिया घायल हो गई थी। पति को मामूली चोट लगी थी। राधाबाई को शासकीय अस्पताल से उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां कुछ दिन बाद उसकी मौत हो गई थी। चिंतामण थाना पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच में लिया गया था। एक माह बाद पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर मृतक राधाबाई की जान लेने का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अब बाइक के साथ चालक की भी पहचान के प्रयास कर रही है।

### न्यू राजीवनगर निवासी युवक ने आत्महत्या की

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के न्यू राजीवननगर में रहने वाले जीवन उर्फ बंटी पिता प्रकाश शर्मा ने घर में फिनाइल में जहर मिलाकर पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर गए थे, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।



चिमनगंज मंडी पुलिस ने रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने बताया युवक ने आत्महत्या क्यों कि इस बारे में जांच कर पता किया जाएगा। आर्थिक कारण भी वजह हो सकती है। एसआई लक्ष्मण उइके ने बताया कि परिजन के बयान से कारण पता किया जाएगा।

### निराला साहित्य मंडल ने वरिष्ठ कवियों का किया सम्मान

**उज्जैन।** निराला साहित्य मंडल ने होली मिलन समारोह आयोजित किया। इसमें कवि व लेखक के साथ समाजसेवियों ने भी भाग लिया। सुरेश शर्मा ने मंडल की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए सम्मानित किए जाने वाले कवियों का परिचय कराया। मंडल अध्यक्ष कवि-लेखक आनंद चतुर्वेदी ने पुष्पा चौरसिया, अशोक भाटी और सुभाष जायसवाल को महाप्राण सूर्यकांत त्रिपाठी का स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया। इस अवसर पर शैलेंद्र जोशी, डॉ. रफीक नागौरी आदि ने काव्य-पाठ किया। संचालन कवि नृसिंह इनानी ने किया।


### रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म 8 पर सुविधाएं बढ़ाने की मांग

**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन के नए प्लेटफॉर्म नंबर 8 पर मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य राजेश शर्मा ने रेल प्रशासन से तत्काल व्यवस्था करने की मांग की है। शर्मा के अनुसार प्लेटफॉर्म 8 से इंदौर-मुंबई, इंदौर-दौंड और इंदौर-बरेली सहित कई प्रमुख ट्रेनें संचालित हो रही हैं। इससे यात्रियों की संख्या बढ़ी है, लेकिन सुविधाएं नहीं बढ़ीं। उन्होंने बताया प्लेटफॉर्म पर खान-पान का कोई स्टॉल नहीं है। नागदा साइड वाले छोर पर शौचालय नहीं है, जिससे दिव्यांग, बुजुर्ग और महिलाओं को परेशानी होती हैं।

---

### कालों के काल महाकाल की नगरी में अति प्राचीन

# चौसठ योगिनी एक स्थान पर







ब्रह्मास्त्र ›› पं. राहुल शुक्ल.उज्जैन

कालों के काल महाकाल की नगरी में अति प्राचीन चौसठ योगिनी मंदिर भी एक सिद्ध स्थल है। नयापुरा स्थित इस पुरातन सिद्ध स्थल पर सभी चौसठ योगिनी एक साथ हैं। यहां विशेष तिथियों पर असम व बंगाल से तांत्रिक सिद्धि हेतु आते हैं और विविध अनुष्ठान करते हैं।

**विग्रह सिर्फ आठ शेष मुण्ड-** चौसठ की संख्या होने पर भी मंदिर में सिर्फ आठ विग्रह ही दिखते हैं अग्र में छः देवी विग्रह हैं तथा पार्श्व में दो मुखाकृति हैं शेष मुण्ड के रूप मे हैं। मुख्य मूर्ति का आभा-मण्डल नयनाभिराम है।

**सूनी गोद में संतान सुख-** चौसठ योगिनी मंदिर की विशेषता है कि यहां निसंतान दंपत्ति संतान की अभिलाषा से आते हैं और देवीकृपा से संतान सुख प्राप्त करते हैं। संतान होने पर लोग यहां पूजन करने आते हैं और चौसठ योगिनी को श्रंगार की सामग्री व देवी को सिन्दूर अर्पित करते हैं।

**छिन्नमस्ता और आज्ञावीर भी-** चौसठ योगिनी मंदिर मे दस महाविद्या की प्रमुख देवी छिन्नमस्ता व देवी के गण आज्ञावीर भैरव भी विराजित हैं।

**पांच सूंडवाले दुर्लभ गणेश -** चौसठ योगिनी मंदिर में पीछे की तरफ सिद्ध गणेश की पांच सूंड वाली दुर्लभ मूर्ति है। कहा जाता है कि तंत्र की सफलता के लिए तांत्रिक गणेश को आह्वान करके पहले मनाया जाता है। विघ्नहर्ता प्रसन्न होकर तांत्रिक अनुष्ठान को पूर्ण करने का वरदान देते हैं तभी अनुष्ठान सफल होता है।

चौसठ योगिनी के दर्शन की अभिलाषा से श्रद्धालु दूर दूर से आते हैं। नवरात्रि मे श्रद्धालुओं की भीड़ आम दिनों से ज्यादा होती है। नयापुरा की संकरी गलियों से होकर मंदिर पहुंचना होता है। बाहर की मुख्य सड़क पर मंदिर मार्ग के संकेतक व दिशासूचक चिन्ह न होने से श्रद्धालुओं को मंदिर ढूंढने मे थोड़ी परेशानी होती है।

---

## 4592 करोड़ के बजट पर विशेष सम्मेलन कल, सिंहस्थ से जुड़े प्रस्तावों पर होगी चर्चा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नगर निगम के वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय में विशेष सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन निगम अध्यक्ष कलावती यादव की अध्यक्षता में सुबह 11.30 बजे से शुरू होगा, जिसमें 4592 करोड़ रुपए से अधिक के बजट पर चर्चा की जाएगी। सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए इस बार का बजट अब तक का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

सम्मेलन में शहर के विकास से जुड़े कई अहम प्रस्ताव रखे जाएंगे। इसमें 25 से अधिक प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण, नई सड़कों के निर्माण और विभिन्न




विभागों से संबंधित योजनाओं को शामिल किया है। नगर निगम प्रशासन इस बजट के माध्यम से आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने और आगामी सिंहस्थ को लेकर शहर की तैयारियों को गति देने की योजना बना रहा है। दूसरी ओर नगर निगम के विशेष सम्मेलन को लेकर नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि बजट की प्रति 22 मार्च रविवार को ही प्राप्त हुई है। ऐसे में इस प्रति के गंभीर अध्ययन के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा है। मात्र एक दिन में इतने बड़े बजट पर विचार करना संभव नहीं है। राय ने कहा कि बार-बार विशेष सम्मेलन बुलाने से पार्षदों के संवैधानिक अधिकारों का हनन हो रहा है। साधारण सम्मेलन में होने वाला एक घंटे का प्रश्नकाल का नहीं हो पाएगा, जिससे पार्षद अपने प्रश्नों के उत्तर और शहर की समस्याओं पर चर्चा नहीं कर सकेंगे। नेता प्रतिपक्ष का कहना है कि नगर निगम अधिनियम के अनुसार तो 31 मार्च 2026 तक बजट स्वीकृत करना होता है, ऐसे में समय रहते पहले साधारण सम्मेलन आयोजित किया जा सकता था। विशेष सम्मेलन बुलाने से पार्षदों को फाइलों का विस्तृत अध्ययन और बजट पर व्यापक चर्चा का अवसर नहीं मिलेगा।

---

## न्यायाधीशों का 40 घंटे का पांच दिनी मेडिएशन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

एमसीपीसी नईदिल्ली तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार जिला उज्जैन में न्यायाधीशों के 40 घंटे के मीडिएशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 21 मार्च को पीसी गुप्ता प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष ने किया। प्रशिक्षण 25 मार्च तक चलेगा।

कार्यक्रम में एमसीपीसी नई दिल्ली के संदीप सक्सेना सीनियर ट्रेनर एमसीपीसी एवं नीना खरे सीनियर ट्रेनर एमसीपीसी द्वारा प्रशिक्षण ि?दया जाएगा। प्रधान न्यायाधीश गुप्ता द्वारा प्रशिक्षण में आए इंदौर, राजगढ़, बड़वानी, नीमच, झाबुआ, आगर मालवा, अशोकनगर, देवास, रतलाम, शाजापुर एवं उज्जैन जिले के न्यायाधीशगण को मीडिएशन




प्रशिक्षण के माध्यम से सुलभ एवं सरल तरीके से मध्यस्थता कराए जाने हेतु प्रेरित किया। न्यायाधीश गुप्ता द्वारा मीडिएशन प्रशिक्षण के ट्रेनर सक्सेना तथा खरे स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंच का संचालन मनोजकुमार भाटी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया।

---

### ग्रीनफील्ड से नॉर्मल किए उज्जैन-जावरा हाइवे प्रभावित

# 62 गांव के किसान फिर सड़क पर उतरने की तैयारी में

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

ग्रीनफील्ड से नॉर्मल किए उज्जैन-जावरा हाइवे प्रभावित 62 गांव के किसान फिर सड़क पर उतरने की तैयारी में है। ग्रामीणों का यह गुस्सा स्थानीय अफसरों पर है। आरोप है मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अच्छा मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए। बावजूद अफसर मुआवजे की स्थिति स्पष्ट नहीं कर रहे। कुछ गांवों के किसान सोमवार 23 मार्च को प्रशासन से चर्चा करने पहुंचेंगे। सकारात्मक परिणाम नहीं मिलने पर किसानों ने अगले दिन 24 मार्च से परिवार सहित धरने पर बैठने की तैयारी कर ली है।

किसान बाजार मूल्य पर जमीन का मुआवजा दिलाने की मांग पर अड़े हैं। इसके लिए गत दिनों उज्जैन व रतलाम




जिले के सभी 62 गांव के किसान मुख्यमंत्री निवासी भोपाल पहुंचे। सीएम डॉ. यादव ने भी किसानों को अच्छा मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों का आरोप हैं कि 14 मार्च की शाम को हुए इस घटनाक्रम के 8 दिन बीतने के बाद भी स्थानीय अफसरों ने अब तक कोई प्रक्रिया शुरू नहीं की। सीएम के निर्देश के बावजूद अधिकारी हमें हमारी जमीन का मुआवजा वास्तविक बाजार मूल्य या उज्जैन-इंदौर हाइवे प्रभावितों की तर्ज पर तय नहीं कर रहे। जिला प्रशासन किसानों को अनदेखा कर अवार्ड की प्रक्रिया निपटाने में लगा है। मुआवजा कौन से गांव का क्या तय हो रहा है, यह भी अधिकारी स्पष्ट नहीं कर रहे। इसी को लेकर प्रभावित किसानों फिर से आंदोलन करने की तैयारी में है।

**... तो एक हजार परिवार धरने पर बैठेंगे-** प्रभावित क्षेत्र के दिनेश पटेल, मुकेश धानक, देवीलाल, संजय शर्मा ने बताया कि सोमवार को इस मसले पर प्रशासन से क्षेत्र के कुछ किसान चर्चा करेंगे। सकारात्मक रवैया नहीं रहा और मुआवजे के रेट स्पष्ट नहीं किए तो हम 24 मार्च से परिवार सहित उज्जैन में डेरा डाल देंगे। यानी एक हजार किसान परिवार अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ जाएंगे। घेरा डालो, डेरा डालो की तर्ज पर होने वाला यह आंदोलन मांगें पूरी होने के बाद खत्म होगा। उज्जैन-जावरा हाइवे निर्माण में उज्जैन जिले के 49 और रतलाम जिले के 13 कुल 62 गांव प्रभावित है, जो पिछले एक साल से लड़ाई लड़ रहे हैं। यहां पहले अफसरों ने एक्सिस कंट्रोल हाइवे का प्लान बनाया। किसानों ने नॉर्मल हाइवे और बाजार मूल्य पर जमीन के मुआवजे की दो मांगों को लेकर आवाज उठाई। हाइवे का प्लान एक्सिस कंट्रोल से बदलकर नॉर्मल हाइवे कर दिया गया। लेकिन जमीन के मुआवजे को लेकर अभी पेंच उलझा है। इधर, उज्जैन-इंदौर ग्रीन फील्ड रोड की भी ठीक ऐसी ही स्थिति है। यहां के किसान भी धरने पर बैठने पहुंचे, तब कहीं जाकर ताबड़तोड़ शासन-प्रशासन को बैकफुट पर आना पड़ा। ग्रीन फील्ड रोड को नॉर्मल हाईवे करने का निर्णय लेने के साथ ही अच्छा मुआवजा देने के लिए नया फामूर्ला तैयार करना पड़ा। उज्जैन-जावरा प्रभावितों के मुआवजे का मामला अभी अधर में है।

उज्जैन
सोमवार
23
मार्च, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### हिंदू युवती को ब्लैकमेल कर 4 महीने तक रेप किया

**इंदौर।** महू के पातालपानी में हिंदू युवती को ब्लैकमेल कर चार महीने तक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी डॉ. सईद खान ने पीड़िता को नशे का इंजेक्शन देकर उसके साथ रेप किया, इसकी तस्वीरें भी खींच लीं। इन्हीं तस्वीरों के जरिए वह युवती को ब्लैकमेल कर रहा था। रविवार को भी उसने युवती को पातालपानी के बेलामोर रिसॉर्ट बुलाया। इसकी खबर हिंदूवादी संगठन के कार्यकताओं को लग गई। वे भी रिसॉर्ट पहुंच गए। यहां एक कमरे से आरोपी को युवती के साथ पकड़ लिया। उसको जमकर पीटा। फिर पुलिस को सौंप दिया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह करीब चार महीने पहले गुजरखेड़ा में डॉ. सईद खान के क्लिनिक पर इलाज कराने गई थी। वहां डॉक्टर ने उसे नशीला इंजेक्शन देकर बेहोश किया और दुष्कर्म कर उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें खींच लीं। इसके बाद लगातार ब्लैकमेल कर रहा था। देर शाम युवती के परिजन, हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता और ग्रामीण आरोपी के आम्बाचंदन स्थित आरोपी डॉ. सईद खान के घर पहुंचे। यहां तोड़फोड़ की, फिर आग लगा दी।

### ईवी अग्निकांड में 20 लोगों के बयान और लेगी पुलिस

**इंदौर।** ब्रजेश्वरी एनएक्स में पॉलीमर कारोबारी मनोज पुगलिया के यहां अग्निकांड में 8 लोगों की मौत पर तिलक नगर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने 5 प्रत्यक्षदर्शियों के बयान लिए हैं। 20 लोगों को चिह्नित किया है, जिनके बयान लिए जाएंगे। इधर शनिवार को 8 शवों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट भी पुलिस को मिल गई है। सभी की दम घुटने और जलने से मौत होना बताया गया है। बालक का शव अग्निकांड में पूरी तरह से जल चुका था। उसका एक पैर जहां मिला उसी स्थान के आसपास के मलबे को समेटकर उसे पीएम के लिए भेजा था। इसमें केवल एक सेंटीमीटर का फोम का टुकड़ा निकला है। टीआई मनीष लोधा ने बताया नगर निगम के भवन अधिकारी भी पूरे घर की जांच करेंगे। इसलिए परिजन को घर सुपुर्द नहीं किया है। शनिवार को पोस्टमॉर्टम के दौरान 8 साल के बालक तनय के शव को लेकर पीएम करने वाले डॉक्टरों ने पुलिस को बताया कि तनय का पैर व कुछ हड्डियां पोस्टमॉर्टम के लिए भेजी गई थीं। इसमें एक फोम का टुकड़ा निकला। ब्रजेश्वरी एनएक्स हादसे के बाद शहर की सभी जी प्लस थ्री इमारतों की फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं की जांच होगी। रविवार को कलेक्टर शिवम वर्मा ने अफसरों की बैठक में कहा कि फायर एनओसी की जांच करें और सभी इमारतों में उपकरण और फायर सेफ्टी से जुड़े प्रावधान किए हैं या नहीं, इसे देखें। अफसरों ने इस पर कहा कि उन्हें पहले इसकी ट्रेनिंग देना चाहिए। कलेक्टर ने इस पर सहमति जताई।

### सांवेर रोड पर स्क्रैप गोदाम में आग, 4 दमकलों ने 4 घंटे में काबू पाया

**इंदौर।** सांवेर रोड स्थित सी सेक्टर में रविवार सुबह एक स्क्रैप गोदाम में आग लग गई। देखते ही देखते आग फैल गई और करीबन 5 किमी दूर से ही दिखने लगी। सूचना मिलते ही दमकल की 4 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं और 4 घंटे में आग बुझाई है। फायर ब्रिगेड के सब इंस्पेक्टर शिवनारायण शर्मा के अनुसार रविवार सुबह 10.52 बजे आग की सूचना मिली। तुरंत दमकल दल को घटनास्थल पर रवाना किया गया। शर्मा के अनुसार यहां मोहम्मद इरफान के एक प्लास्टिक स्क्रैप के गोदाम में आग लगी थी। प्लास्टिक होने के कारण आग के साथ काफी धुआं फैल गया। स्क्रैप गोदाम के पास ही मजदूरों के 5 क्वार्टर थे। आग इतनी फैल चुकी थी कि क्वार्टर तक पहुंचने का खतरा था। इसलिए ताबड़तोड़ मजदूरों को समझाया और उनके घरों के सामान को निकाला। उनके घरों में गैस की टंकियां भी थीं, जिन्हें हटाया गया।

### चौराहे के बीच में लगे सिग्नल हटाकर साइड में किए जाएंगे, 30 करोड़ का आईटीएमएस भी रीडिजाइन होगा

# इंदौर में 300 करोड़ रुपये का बीआरटीएस फेल

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

300 करोड़ रुपए की लागत से बने बीआरटीएस सिस्टम के फेल होने पर अब इसे हटाया जा रहा है। वहीं, करीब 30 करोड़ रुपए की लागत से शुरू किया गया इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) भी तय रूप में काम नहीं कर पाया। यह प्रोजेक्ट अब रीडिजाइन किया जाएगा, जिस पर फिर से खर्च होगा।

बीआरटीएस हटाने और एलिवेटेड कॉरिडोर के कारण चौराहे के बीच में लगाए गए सिग्नल हटाकर साइड में किए जाएंगे, ताकि ट्रैफिक की निगरानी और संचालन बेहतर तरीके से हो सके। आईटीएमएस का मकसद एबी रोड पर ट्रैफिक के दबाव को कम करना था, ताकि जाम की स्थिति नहीं बने। स्मार्ट सिटी कंपनी ने शहर के प्रमुख चौराहों पर स्मार्ट सिग्नल और कैमरे लगाए थे, लेकिन तकनीकी और डिजाइन संबंधी खामियों के कारण यह सिस्टम पूरी क्षमता के साथ शुरू ही नहीं हो पाया।



**स्मार्ट सिग्नल सिर्फ चालान मशीन बनकर रह गए-** आईटीएमएस का मकसद ट्रैफिक के दबाव के अनुसार ग्रीन सिग्नल कंट्रोल करना था, लेकिन ज्यादातर जगह इसका उपयोग सिर्फ ई-चालान बनाने तक सीमित रह गया। कई चौराहों पर सिग्नल की लोकेशन भी बार-बार बदलना पड़ी। प्रोजेक्ट की डेडलाइन दो बार बढ़ाई गई थी। दिसंबर 2025 तक इसे पूरा करना था, लेकिन अब पूरी डिजाइन ही बदलना पड़ रही है। प्रोजेक्ट में 59 चौराहों को लिया था।

**आदेश के 1 साल बाद भी बीआरटीएस हटा नहीं सके-** बीआरटीएस कॉरिडोर को हटाने के आदेश हाई कोर्ट ने फरवरी 2025 में दिए थे, लेकिन एक साल बाद भी इसे पूरी तरह हटाया नहीं गया। पांच बार टेंडर निकाले जा चुके हैं। हाई कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद अब इसे हटाने के काम में तेजी आई है। इसके स्क्रैप का जो आकलन किया गया है, वह भी सवालों के घेरे में रहा। अब आईटीएमएस भी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया, जिससे ट्रैफिक प्रबंधन योजनाओं पर सवाल उठने लगे हैं।

#### रोजाना सफर करने वाले छात्रों की मुसीबत हो रही

- बीआरटीएस कॉरिडोर में चलने वाली आई-बस में रोजाना 50 हजार छात्र सफर करते थे, लेकिन अब मुसीबत हो गई है। बसों के इंतजार के लिए बस स्टॉप बने थे, लेकिन अब उन्हें सड़क किनारे धूप में खड़ा रहना पड़ता है। टिकट काउंटर तक नहीं हैं। बस का टाइम भी बढ़ गया है। गर्मी के मौसम में परेशानी बढ़ गई है। बीआरटीएस तो तोड़ रहे, लेकिन बस स्टॉप नहीं बने हैं। समय ज्यादा लगने से छात्रों की संख्या में भी कमी आई है।
- आईटीएमएस की डिजाइन के तहत सिग्नल चौराहों के बीच में लगे थे, लेकिन अब बीआरटीएस हट चुका है, इसलिए इन सिग्नल्स को साइड में शिफ्ट करेंगे। इसके लिए ट्रैफिक विभाग से बात चल रही है।

**अभय राजनगांवकर, अपर आयुक्त**

### ज्वैलर्स की महिला कर्मचारी ने किया लाखों का गबन

# 50-60 लाख की ज्वेलरी लेकर फरार

### पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 100 ग्राम सोना किया जब्त

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में भरोसे को तोड़ने का एक बड़ा मामला सामने आया है। जहां एक ज्वैलरी शॉप की महिला कर्मचारी ने ही दुकान से लाखों के जेवर गायब कर दिए। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है।



मामला इंदौर के एक रजत ज्वैलर्स का है, जहां पिछले 9 से 10 साल से काम कर रही एक महिला कर्मचारी ने अपने ही मालिक को चूना लगा दिया। आरोपी महिला ग्राहकों को दिखाने के बहाने सोने-चांदी के जेवर लेकर जाती थी। शुरू में वह जेवर वापस कर देती थी, लेकिन धीरे-धीरे उसने लालच में आकर जेवर लौटाना बंद कर दिया। महिला ग्राहकों से पैसे भी वसूलती रही, लेकिन वह रकम ज्वैलर्स को जमा नहीं कराई। इस तरह उसने करीब 50 से 60 लाख रुपए की ज्वेलरी का गबन कर लिया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस रिमांड के दौरान उसके पास से करीब 100 ग्राम सोने के जेवर भी जब्त किए गए हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और बाकी ज्वेलरी की बरामदगी के प्रयास जारी हैं।

### ब्रिज पर डिवाइडर से टकराई बाइक चार साल की बच्ची की मौत

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

पीपल्याहाना ब्रिज पर एक दर्दनाक हादसे में 4 साल की बच्ची की मौत हो गई। बच्ची मामा और नानी के साथ ईद मनाने रिश्तेदार के घर जा रही थी। तभी रास्ते में बाइक ब्रिज पर डिवाइडर पर टकरा गई। इससे बच्ची घायल हो गई। मामा और नानी को बच्ची को एमवाय अस्पताल ले गए, जहां बच्ची की मौत हो गई।

तिलक नगर पुलिस के मुताबिक मृतिका 4 वर्षीय इकरा पिता इरफान शाह निवासी विजय पैलेस, माणिकबाग है। वह मामा और नानी के साथ बाइक से शनिवार शाम खजराना की तरफ जा रही थी। ब्रिज पर उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे के वक्त वह नानी की गोद में बठी हुई थी। जैसे ही टक्कर हुई तो हादसे में इकरा के सिर में चोट आई थी। उधर, लसूड़िया में सड़क हादसे में एक बुजुर्ग पप्पू मालवीय निवासी लसूड़िया मोरी की मौत हो गई।

### इंदौर में शादी के नाम पर ठगी की साजिश: फर्जी पंचनामा बनाकर 9 महीने साथ रही

# गहने-नकदी लेकर फरार, कोर्ट ने एक्शन टेकन रिपोर्ट तलब की

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

शहर में शादी के नाम पर ठगी का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। एक महिला ने खुद को दुल्हन बताकर युवक और उसके परिवार को झांसे में लिया। फर्जी वैवाहिक पंचनामा तैयार किया और लाखों के जेवर-नकदी लेकर फरार हो गई। मामले में जिला कोर्ट इंदौर ने गंभीरता दिखाते हुए पुलिस थाना एमआईजी से एक्शन टेकन रिपोर्ट तलब की है। हाईकोर्ट एडवोकेट कृष्ण कुमार कुन्हारे ने बताया कि एमआईजी क्षेत्र के रहने वाले पीड़ित ने बताया कि सागर निवासी आरती नाम की महिला ने 19 नवंबर 2019 को शादी का झांसा देकर उसे सागर बुलाया। यहां हिंदू रीति-



रिवाजों से शादी कराने के बजाय कुछ कागजों पर हस्ताक्षर करवाकर वैवाहिक पंचनामा तैयार किया गया और इसे शादी का रूप दे दिया गया। इसके बाद महिला इंदौर आकर युवक के साथ रहने लगी। इस दौरान उसने चांदी की पायल, करधनी, बिछिया, सोने का मंगलसूत्र और करीब 40 हजार रुपए एफडी के नाम पर ले लिए। साथ ही घर में रखे करीब 30 हजार रुपए नकद भी गायब कर दिए। पीड़ित का आरोप है कि महिला ने कभी भी सात फेरे, सिंदूर, मंगलसूत्र जैसी वैवाहिक रस्में पूरी नहीं कीं। हर बार बहाने बनाकर शारीरिक संबंध बनाने से भी बचती रही और बड़े समारोह में शादी करने की बात कहती रही। कोरोना लॉकडाउन के दौरान करीब 9 महीने तक साथ रहने के बाद 15 अगस्त 2020 को महिला अपने पिता के साथ सागर जाने का कहकर चली गई और फिर लौटकर नहीं आई। बाद में उसने फोन उठाना भी बंद कर दिया।

**कानूनी सलाह में खुला फर्जीवाड़ा** पीड़ित ने जब वकीलों से सलाह ली, तब पता चला कि नोटरी कागजों पर किया गया वैवाहिक पंचनामा कानूनी रूप से मान्य ही नहीं है। इसके बाद उसे अहसास हुआ कि वह शादी के नाम पर ठगी का शिकार हुआ है।

**कोर्ट पहुंचा मामला, पुलिस से जवाब तलब-** पुलिस में कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित ने अपने वकीलों एडवोकेट कृष्ण कुमार कुन्हारे और डॉ. रूपाली राठौर के माध्यम से जिला कोर्ट इंदौर में धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा और चोरी का परिवाद पेश किया। कोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए एमआईजी थाने से एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी है। कुन्हारे ने बताया की हिंदू विवाह अधिनियम के तहत किसी भी हिंदू लड़के-लड़कियों की अग्नि के समक्ष सप्तपदी, सात फेरे, मांग में सिंदूर,मंगलसूत्र पहनाने सहित चलित मान्यताओं अनुसार शादी की शर्तों का पालन करना जरूरी होता है, तभी वैध संपन्न शादी मानी जाती है।

## खबर एक नजर...

### तरण ताल पर दूसरे दिन संभली व्यवस्था, स्वीमिंग कॉस्ट्यूम किया अनिवार्य

शहर के तरणताल स्थित अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्वीमिंग पूल पर रविवार को भी बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ रही। हालांकि भीड़ के बावजूद पहले दिन से व्यवस्थाएं बेहतर नजर आई। नियमों के तहत एक बार में केवल 60 लोगों को ही प्रवेश दिया गया, वहीं स्वीमिंग कॉस्ट्यूम को भी अनिवार्य किया गया। शनिवार की तुलना में रविवार को भीड़ प्रबंधन व्यवस्थित रहा। कई लोगों को प्रवेश नहीं मिलने से लौटना पड़ा। निःशुल्क तैराकी की व्यवस्था अब और 5 दिन जारी रहने वाली है।

### विमर्श व व्यंग्य-पाठ से रचनाकारों की व्यंग्य चेतना जागृत : डॉ. अरोरा

कविता और कहानी की तरह व्यंग्य में भी नए प्रयोग की जरूरत है, क्योंकि अब बड़े व्यंग्यों के लिए न पत्र-पत्रिकाओं में पर्याप्त जगह बची है और न पाठकों के पास इतना धैर्य कि वे लंबी रचनाएं पढ़ सकें। यह बात प्रेमचंद सृजनपीठ द्वारा विक्रमादित्य शोधपीठ में आयोजित समकालीन व्यंग्य के समक्ष चुनौतियां विषयक प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. पिलकेंद्र अरोरा ने कही। मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद के तत्वावधान में आयोजित सत्र की अध्यक्षता करते हुए शशांक दुबे ने कहा कि समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कृति और मानवीय संवेदनाओं का निरंतर क्षरण हो रहा है, ऐसे में कहानी, कविता और व्यंग्य के क्षरण की चिंता स्वाभाविक है। मुख्य वक्ता शांतिलाल जैन ने कहा व्यंग्य के सामने सबसे बड़ी चुनौती सरोकार के गुम होने या उसके लगातार कमजोर पड़ते जाने की है। अध्यक्ष मंडल में हरिमोहन बुधौलिया, मलय जैन और विजी श्रीवास्तव शामिल थे।

### उज्जैन में 'गोष्ट सांगा' स्पर्धा संपन्न, रूपाली विपट ने जीता प्रथम स्थान

**उज्जैन।** इंदौर की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रकल्पों को संचालित कर मराठी भाषा के संवर्धन के लिए सतत प्रयत्नशील संस्था सानंद द्वारा प्रतिवर्ष 'आजी आजोबा गोष्ट सांगा' अर्थात दादा-दादी, नाना-नानी कहानी बताओ प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। इसी तारतम्य में इस वर्ष यह प्रतियोगिता रविवार को उज्जैन में संपन्न हुई।

### अखाड़ा परिषद अध्यक्ष पद को लेकर दो फाड़:

# उज्जैन में 8 अखाड़ों ने नए अध्यक्ष का स्वागत किया; 2 रविंद्र पूरी महाराज, दावा-वे ही अध्यक्ष

उज्जैन के मंगलनाथ रोड स्थित खाक चौक पर श्री पंच रामानंदीय निर्वाणी अखाड़े में रविवार को आठ अखाड़ों के संत-महंतों और पदाधिकारियों की बैठक हुई।

इस दौरान महानिर्वाणी अखाड़े के सचिव रविंद्र पुरी महाराज को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद का अध्यक्ष बताते हुए आगामी सिंहस्थ में उनके नेतृत्व में कुंभ मेले में भाग लेने की बात कही गई।

बैठक में बड़ी संख्या में संत मौजूद रहे और सभी ने एक स्वर में उनका स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों के बीच संतों में उत्साह नजर आया। इधर निरंजनी अखाड़े से जुड़े रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कुम्भ आ रहा है ऐसे कई संत अपने आप को अध्यक्ष बतायेंगे। सर्वसम्मति से मुझे अध्यक्ष बनाया गया था। जब मेने इस्तीफा दिया नहीं तो महानिर्वाणी वाले रविंद्र पुरी कैसे अध्यक्ष बन सकते है। कार्यक्रम में महंत सत्यानंद महाराज (बड़ा उदासीन), महंत मंगलदास जी (नया अखाड़ा),



महंत विनीत गिरी (महानिर्वाणी), महंत रामेश्वर दास, भगवान दास और दिग्विजय दास सहित विभिन्न अखाड़ों के संत-महंत शामिल हुए।

### 13 अखाड़ों में दो गुट, दोनों के अलग-अलग अध्यक्ष

प्रयागराज कुंभ के बाद से अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष पद को लेकर जारी खींचतान अब उज्जैन में भी दिखने लगी है। आगामी सिंहस्थ 2028 से पहले इस पद को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। 13 अखाड़ों में दो गुट नजर आ रहे हैं। एक धड़ा निरंजनी अखाड़े के रविंद्र पुरी को अध्यक्ष मानता है, जबकि दूसरा महानिर्वाणी अखाड़े के सचिव रविंद्र पुरी को अध्यक्ष बता रहा है।

निरंजनी अखाड़े के रविंद्र पुरी पिछले छह महीनों से अध्यक्ष के रूप में उज्जैन आते-जाते रहे हैं। इस दौरान प्रशासन ने उन्हें शिप्रा नदी प्रोजेक्ट सहित मेले की तैयारियों की जानकारी भी दी। वहीं रविवार को महानिर्वाणी, अटल, निर्मोही, दिगंबर, निर्वाणी अणी, बड़ा उदासीन, नया उदासीन और निर्मल अखाड़े के संतों ने महानिर्वाणी अखाड़े के सचिव रविंद्र पुरी का पुष्पमालाओं से स्वागत किया और उनके नेतृत्व में कुंभ आयोजन में शामिल होने की बात कही।

### रविंद्र पुरी महाराज बोले-मुझे अध्यक्ष चुना गया

रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि वैष्णव अखाड़े में सामान्य शिष्टाचार के तहत बैठक रखी गई थी। उन्होंने दावा किया कि हरिद्वार में बहुमत के आधार पर उन्हें अध्यक्ष चुना गया था और वर्तमान में वही इस पद पर हैं। उन्होंने इसे विचारों का मतभेद बताते हुए कहा कि ऐसा पहले भी होता रहा है। किन्नर अखाड़े से जुड़े सवालों पर उन्होंने प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया।

### विमर्श जैसे आयोजन व्यंग्य चेतना जागृत करते हैं: डॉ. पिलकेंद्र अरोरा

कविता और कहानी की तरह व्यंग्य में भी नए प्रयोग करना चाहिए। अब बड़े व्यंग्यों के लिए न पत्र-पत्रिकाओं के पास स्पेस है और न पाठकों के पास धैर्य। रचनाकारों के लिए विमर्श एवं व्यंग्य पाठ जैसे आयोजन खुली कार्यशाला जैसे हैं, जो व्यंग्य चेतना जागृत करते हैं।

ये विचार साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद के तत्वावधान में प्रेमचंद सृजनपीठ उज्जैन द्वारा विक्रमादित्य शोध पीठ में आयोजित 'समकालीन व्यंग्य के समक्ष चुनौतियां' विषय पर प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. पिलकेंद्र अरोरा ने व्यक्त किए। अध्यक्षीय उद्बोधन में शशांक दुबे ने कहा कि आज समाज में नैतिक मूल्य, संस्कृति और मानवीय संवेदनाओं का निरंतर क्षरण हो रहा है, ऐसे में हम यह उम्मीद कैसे करें कि कहानी, कविता और व्यंग्य का क्षरण नहीं होगा।

## क्षीरसागर में शिव-गौरा पूजा की



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा महिला प्रकोष्ठ ने क्षीरसागर पर गणगौर तीज का त्योहार मनाया। इस अवसर पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से शिव-गौरा माताजी को ढोल के साथ नदी-तालाब पर ले जाकर जल पिलाया। गीत गाए और गणगौर माताजी की पूजा की गई। सुहागिन महिलाओं ने माताजी को जल पिलाया और अपने पति का नाम बताया। कार्यक्रम में राजकुमारी ठाकुर, अनिता नरूका, स्वप्निल राठौड़, बबीता राजपूत, शोभा पंवार, आयुषी पंवार, प्रिया राजपूत, काव्या राजपूत, रिधिमा चौहान आदि मौजूद थीं।

### महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन महाकाल मंदिर पहुंचे:

## बोले- नासिक कुंभ में इस बार 5 गुना ज्यादा श्रद्धालु आएंगे, उज्जैन में चल रहे कार्यों की प्रशंसा की

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महाराष्ट्र सरकार के जल संसाधन एवं आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन रविवार को ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन के लिए पहुंचे। उन्होंने सपत्नीक भगवान महाकाल की होने वाली भोग आरती में सम्मिलित होकर दर्शन का लाभ लिया।

उन्होंने नंदी हाल से भगवान महाकाल के दर्शन कर नंदी जी का पूजन-अभिषेक किया। इसके बाद देहरी से भगवान को जल अर्पित कर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से गिरीश महाजन का स्वागत एवं सत्कार किया गया।

इस दौरान मंत्री महाजन ने उज्जैन में सिंहस्थ के लिए चल रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उज्जैन आकर बहुत अच्छा लगा। बहुत दिनों



से इच्छा हो रही थी, आज आरती में शामिल होने का भी सौभाग्य मिला। यहां पर जो व्यवस्था की जा रही है, वह बहुत ही बढ़िया है। इसी तरह महाराष्ट्र के त्र्यंबकेश्वर में हम कोशिश कर रहे हैं, लेकिन आप हमसे बहुत आगे हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे यहां भी आगामी कुंभ को लेकर व्यवस्थां की जा रही हैं। वर्ष 2027 में नासिक में 12 साल बाद कुंभ होने जा रहा है। पिछले कुंभ के समय भी मैं मंत्री था और उस समय भी अच्छे काम हुए थे। पिछले दो साल से हम लगातार काम कर रहे हैं। प्रयागराज में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आए थे और नासिक में इस बार पिछले समय की तुलना में पांच गुना अधिक श्रद्धालु आने की उम्मीद है।

# उज्जैन में पहली अंतरराष्ट्रीय रैपिड शतरंज प्रतियोगिता: 5 से 90 साल तक के खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा, आज होगा आखिरी राउंड

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन में पहली बार आयोजित इंटरनेशनल फिडे रेटिंग रैपिड शतरंज प्रतियोगिता के पहले दिन शनिवार को पांच राउंड खेले गए। दो दिवसीय ह्यफर्स्ट रायसोनी मेमोरियलह्व टूर्नामेंट में 5 वर्ष से 90 साल तक के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

यह प्रतियोगिता अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ), भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) और एमपी




चैस एडहॉक कमेटी के तत्वावधान में उज्जयिनी शतरंज संघ द्वारा आयोजित की जा रही है। रविवार को सुबह 10 बजे से छठा राउंड शुरू हुआ। अंतिम राउंड दोपहर 3:30 बजे खेला जाएगा और शाम 5 बजे समापन व पुरस्कार वितरण होगा। विजेताओं के लिए कुल 2 लाख रुपए की पुरस्कार राशि, 80 ट्रॉफी और मेडल निर्धारित किए गए हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को हुआ। इस अवसर पर स्वामी परमानंद महाराज, इंटरनेशनल मास्टर अक्षत खंपरिया, ग्रैंड मास्टर हिमांशु शर्मा, फिडे मास्टर प्रसन्नजीत दत्त, ओरिएंटल यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. सुनील सोमानी, अनिल फतेचंदानी और संदीप कुलश्रेष्ठ उपस्थित रहे।

### महिला आर्बिटर टीम ने संभाला संचालन

आर्बिटर टीम पूरी तरह महिलाओं की है। चीफ आर्बिटर आईए कंचना चौधरी, डिप्टी आर्बिटर आईए नागालक्ष्मी नागापुरम, एफए शिखा पलटा और एसएनए हिमानी बजाज ने संचालन किया।

### कई राज्यों और शहरों के खिलाड़ी शामिल

हरियाणा, पंजाब, छत्तीसगढ़, बिहार, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात और महाराष्ट्र सहित मध्यप्रदेश के 24 शहरों के खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। पहले दिन चौथे राउंड तक रोहतक के ग्रैंड मास्टर हिमांशु शर्मा, खंडवा के वैभव तोमर और कटनी के प्रखर बजाज चार अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर रहे।

## भाव्या ज्योतिष विज्ञान केंद्र ने निकाला गणगौर माता का भव्य चल समारोह, जगह-जगह हुआ स्वागत

### विधि-विधान से संपन्न हुआ सामूहिक उद्यापन; सिर पर गणगौर रखकर भक्तिमय गीतों पर नाचीं महिलाएं

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

प्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन में इन दिनों धार्मिक पर्वों का आयोजन लगातार जारी है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाए जाने वाले गणगौर पर्व के अवसर पर शनिवार को भाव्या ज्योतिष विज्ञान केंद्र के तत्वावधान में डॉ. भारती वर्मा और गोपाल जांगलवा के नेतृत्व में एक दिवसीय गणगौर माता का सामूहिक उद्यापन कार्यक्रम एवं भव्य चल समारोह आयोजित किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ क्षत्रिय कुमावत समाज धर्मशाला कहारवाड़ी पर हुआ। यहां डॉ. भारती सुनील तुनगर, नेहा लोकेन्द्र जवड़ा, कमलेश गोपाल जांगलवा, माधुरी चन्द्रमोहन जांगलवा, पिंकी राजेश सोनी, मोनिका उत्तम जवड़ा और रानी मीनू सचिन सोनी द्वारा पूरे विधि-विधान से गणगौर माता का सामूहिक उद्यापन संपन्न किया गया।

**नृसिंह मंदिर से शिप्रा तट तक निकला समारोह**

उद्यापन के बाद देर शाम भाव्या ज्योतिष विज्ञान केंद्र के तत्वावधान में भारती वर्मा के मार्गदर्शन में छोटा सराफा स्थित नृसिंह मंदिर से गणगौर माता का चल समारोह निकाला गया। महिलाएं गणगौर को सिर पर रखकर चल समारोह में शामिल हुईं। यह चल समारोह गुदरी, पटनी बाजार और लखेरवाड़ी होते हुए शिप्रा नदी पहुंचा। समारोह में महिलाओं और युवतियों ने भारी उत्साह से भाग लिया। वे गणगौर माता पार्वती की प्रतिमा को सिर पर रखकर, भक्तिमय गीत गाते और नाचते हुए शामिल हुईं।

**पुष्प वर्षा से हुआ आत्मीय स्वागत**

कहारवाड़ी में मारवाड़ी स्वर्णकार समाज पंचायत एवं न्यास के अध्यक्ष अरविन्द सोनी और उनके सभी पदाधिकारियों द्वारा चल समारोह का स्वागत किया गया। इसके अलावा मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर गणगौर माता का भव्य स्वागत हुआ। शिप्रा नदी पहुंचकर गणगौर माता का पूजन कर झाले वारने दिए गए।

## 19 प्रांतों से आए हास्य गुरु राष्ट्रीय हास्य योग पुरस्कार से सम्मानित

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

हास्य योग रजत जयंती वर्ष पर उज्जैन में हास्य योग केंद्र भारत दिल्ली के तत्वावधान में हंसो उज्जैन हंसो कार्यक्रम हुआ। इस मौके मंच से हास्य के दीवानों की क्या पहचान स्वस्थ, सुखी, समृद्ध हिंदुस्तान, सब रोगों की एक दवाई थोड़ा हंस कर देखो भाई, ईस्ट या वेस्ट लाफ्टर इज द बेस्ट जैसे नारे गूंजे। हंसी की योगशाला और मस्ती की पाठशाला में अलग-अलग हास्य योग कराए और बीमारियों को दूर करने के मूल मंत्र बताए गए। आयोजन में 19 प्रांतों से आए हास्य गुरुओं को राष्ट्रीय हास्य योग पुरस्कार से सम्मानित किया।




समारोह का शुभारंभ विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम सभापति कलावती यादव, प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव, समाजसेवी डॉ. एसएस सलूजा और पूर्व निगम सभापति प्रकाश चित्तौड़ा के आतिथ्य में हुआ। अतिथियों ने हास्य भैरव का स्मरण और दीप प्रज्ज्वलन किया। नृत्य प्रतिभा अकादमी के कलाकारों ने हास्य और व्यंग्य से भरपूर नृत्य प्रस्तुत किया।

विधायक जैन ने कहा हंसे उनके घर बसे, पर ऐसे कितने जो घर बसने के बाद हंसे। यूं समझो कि सब के सब फंसे। सभापति यादव ने कहा, जीवन का फ्यूज उड़ने के पहले हास्य योग का जितना उपयोग करेंगे, जीवन उतना प्रभावी रहेगा। प्रेस क्लब अध्यक्ष यादव ने कहा यह वह दौर है जहां इंसान गिर जाए तो हंसी निकल जाती है। मोबाइल गिर जाए तो जान निकल जाती है। डॉ. सलूजा ने कहा जीवन में कभी दुख ना आए यह असंभव है लेकिन दुख में भी मनुष्य मुस्कुराए, यह पूरी तरह संभव है। कार्यक्रम में हास्य गुरु जतिन कोही का मालवी पगड़ी, दुपट्टा, मोमेंटो देकर उज्जैन शहर की ओर से विशिष्ट अभिनंदन किया। हंसता भारत स्वच्छ भारत स्लोगन के साथ हास्य योग केंद्र भारत ने उज्जैन के शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके को हंसी के सरताज का खिताब दिया। स्वागत अंजना कोही, विपिन गुप्ता, मंगल सिंह, सुनील, अभिव्यक्ति मंच के राकेश भार्गव ने किया। हास्य योग केंद्र भारत ने विभिन्न प्रांतों से आए हास्य योग गुरुओं को राष्ट्रीय हास्य योग पुरस्कार प्रदान किए। संचालन शैलेंद्र व्यास ने किया। आभार विपिन गुप्ता ने माना। शहीद पार्क में योग गुरु जतिन कोही के मार्गदर्शन में निःशुल्क हास्य योग कार्यशाला भी हुई जिसका लाभ शहर के सैकड़ों योग प्रेमियों ने लिया।

### निराला साहित्य मंडल ने वरिष्ठ कवियों का किया सम्मान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

निराला साहित्य मंडल ने होली मिलन समारोह आयोजित किया। इसमें कवि व लेखक के साथ समाजसेवियों ने भी भाग लिया। सुरेश शर्मा ने मंडल की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए सम्मानित किए जाने वाले कवियों का परिचय कराया। मंडल अध्यक्ष कवि-लेखक आनंद चतुर्वेदी ने पुष्पा चौरसिया, अशोक भाटी और सुभाष जायसवाल को महाप्राण सूर्यकांत त्रिपाठी का स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया। इस अवसर पर शैलेंद्र जोशी, डॉ. रफीक नागौरी आदि ने काव्य-पाठ किया। संचालन कवि नृसिंह इनानी ने किया।

## खबर एक नजर...

### कबीर नगर में फूलपाती निकाली

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

संत कबीर नगर में गणगौर तीज के अवसर पर प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार फूलपाती का आयोजन किया गया। आयोजन के तहत कॉलोनी में चल समारोह निकाला और करीब 21 घरों में माता का पूजन किया। चल समारोह में श्वेषा व्यास, अनीता आहूजा, अभिलाषा पुरोहित, कमलादेवी पुरोहित, गीता दुबे, रीता भावसार, प्रियम व्यास, दीपा चंदन, अर्चना पाटीदार, मंगला पाटिल, सोनाली गुरुव, रेखा गौड़ आदि शामिल रहीं।

### बच्चों के लिए ध्यान शिविर 29 को

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

गोरधन धाम, सिंधी कॉलोनी स्थित गीता भवन में 8 से 12 वर्ष आयु के बच्चों के लिए 29 मार्च को एक दिवसीय ध्यान शिविर आयोजित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार निःशुल्क शिविर का उद्देश्य बच्चों में एकाग्रता, स्मरण शक्ति और समझने की क्षमता बढ़ाने में मदद करना है। इसके नियमित अभ्यास से भय, चिंता और तनाव कम हो सकते हैं और निर्णय लेने की क्षमता में सुधार हो सकता है। शिविर के दौरान बच्चों को लंच, स्नैक्स और ड्रिंक्स दिए जाएंगे। खेल गतिविधियां भी होंगी। मोबाइल फोन के उपयोग की अनुमति नहीं रहेगी। बच्चों को समय पर पहुंचना होगा और कोर्स पूरा करने के बाद ही जाने की अनुमति मिलेगी। बच्चों से पानी की बोतल और कैप साथ लाना होगा।

### चैत्र नवरात्रि पर कृष्णा कॉलोनी में दो मंडलियों ने किए भजन-कीर्तन

चैत्र नवरात्रि के अवसर पर कृष्णा कॉलोनी स्थित काली कल्याण धाम के जोता वाली माता मंदिर में भजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें तीन भजन मंडलियों ने सहभागिता कर माता रानी के सुमधुर भजन सुनाए। कार्यक्रम दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक चला। आयोजकों के अनुसार गोपाल मंदिर, राधास्वामी और रत्नेश्वर महादेव मंदिर की मंडलियों ने एक के बाद एक भजनों की मधुर धुनें प्रस्तुत की।

### 10 महाविद्या देवियों की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भैरवगढ़ रोड स्थित मां बगलामुखी धाम मंदिर में चैत्र नवरात्रि में 10 महाविद्या देवियों की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा का अनुष्ठान भर्तृहरि गुफा के गादीपति महंत योगी पीर रामनाथ महाराज के सान्निध्य में चल रहा है। 108 बटुक ब्राह्मण की मौजूदगी में विद्वान आचार्य यह अनुष्ठान करा रहे हैं। अनुष्ठान में अब तक 10 महाविद्याओं में देवी षोडशी, भुवनेश्वरी, तारा, छिन्नमस्तिका की मूर्तियां अलग-अलग मंदिरों में संपूर्ण विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठित की गईं। शेर वाहन भी स्थापित किया गया। शिखरों पर पीतल के कलश लगाए गए। बाहर घंटियां भी लगाई गईं। महंत योगी पीर रामनाथ महाराज ने बताया चैत्र की पूरी नवरात्रि में अनुष्ठान जारी रहेगा।

## रणकेश्वर से खाली जमीन पर फिर काम शुरू, असमंजस में रहवासी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

गाड़ी अड्डा से रणकेश्वर तक एमआर-4 रोड का काम रहवासियों के विरोध के बावजूद एक बार फिर शुरू हो गया है। कुछ दिन पहले सड़क की चौड़ाई को लेकर लोगों ने विरोध किया था। तब एजेंसी ने चार दिन काम बंद कर दिया था, पर अब रणकेश्वर मार्ग की ओर जमीन पर 24 मीटर के हिसाब से समतलीकरण का काम किया जा रहा है।

सड़क के एक हिस्से में कांक्रीट की नाली भी बनाई जा रही है। रहवासी अभी भी मार्ग को 18 मीटर करने की मांग कर रहे हैं। कई लोगों ने अपने मकान-दुकान के बाधक हिस्से 18 मीटर के हिसाब से खुद ही हटा लिए है, लेकिन अब निगम इसे 24 मीटर चौड़ा बना रहा है। लोगों का कहना है कि यदि अब तोड़फोड़ होती है तो हमारे पास रहने लायक जगह भी नहीं बचेगी। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा का कहना है कि यह सड़क सिंहस्थ 2028 के लिए महत्वपूर्ण है। इसे मास्टर प्लान के मुताबिक ही बनाया जाएगा। चक्काजाम कर जताया था विरोध नगर निगम द्वारा किए जा रहे 24 मीटर सड़क चौड़ीकरण काम का रहवासियों ने कुछ दिन पहले चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया था। उनकी मांग है कि सड़क 18 मीटर चौड़ी बनाई जाए। विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने भी उनकी मांग का समर्थन किया था, लेकिन बाद में चुप्पी साध ली। रहवासियों का आरोप है कि हम महापौर मुकेश टटवाल के पास भी अपनी समस्या लेकर गए थे, लेकिन उन्होंने भी हमारा साथ नहीं दिया।

### राष्ट्रीय नेतृत्व ने सौंपा महत्वपूर्ण दायित्व, आज असम के लिए होंगे रवाना

**उज्जैन।** आगामी असम विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उज्जैन जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव को अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन्हें असम प्रदेश की तिनसुकिया विधानसभा क्षेत्र का मुख्य प्रभारी नियुक्त किया है। इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर अर्पित यादव ने युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु एवं युवक कांग्रेस असम प्रदेश प्रभारी मितेन्द्र दर्शन का आभार व्यक्त किया है।

## बिना ऑपरेशन उतरा चश्मा, दो महीने में कम हुआ 10 किलो वजनः

### आयुर्वेद नाड़ी परीक्षण शिविर में डॉ. प्रतीक को मिला चमत्कारिक लाभ

### जबलपुर के पशु चिकित्सक ने साझा किए आयुर्वेद के चमत्कारिक परिणाम; उज्जैन में 24 मार्च तक चलेगा निःशुल्क नाड़ी परीक्षण शिविर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महाकाल की नगरी में माँ दुर्गा वन औषधि संजीवनी अनुसंधान के तत्वावधान में चल रहे पांच दिवसीय निःशुल्क नाड़ी परीक्षण एवं परामर्श शिविर में आयुर्वेद के चमत्कारिक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। शिविर में नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल के सटीक निदान और जड़ी-बूटियों से मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो रहे हैं। इसका एक प्रत्यक्ष उदाहरण जबलपुर निवासी पशु चिकित्सक डॉ. प्रतीक सिंह यादव हैं, जिन्हें आयुर्वेद चिकित्सा से दांतों की बीमारी, मोटापे और आंखों की कमजोरी से स्थायी मुक्ति मिली है।

जबलपुर के सूजी मोहल्ला निवासी डॉ. प्रतीक सिंह यादव ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे पिछले चार वर्षों से वैद्य संतोष आनंद जायसवाल से जुड़े हुए हैं। आयुर्वेद दिवस के अवसर पर उन्होंने बताया कि वैद्य जायसवाल की दवाओं के प्रभाव से मात्र दो महीने में उनका 10 किलो वजन कम हो गया है। इसके साथ ही, बिना किसी लेजर सर्जरी या ऑपरेशन के उनके चश्मे का नंबर भी काफी कम हो गया है, जिसे देखकर अन्य डॉक्टर भी हैरान हैं।

### महंगे दंत उपचार से बचे, आयुर्वेदिक मंजन ने किया चमत्कार

डॉ. यादव ने बताया कि उन्हें दांतों में गंभीर समस्या थी, जिसके लिए दंत चिकित्सकों ने रूट कैनाल कराने और बाइस हजार रुपये खर्च होने की बात कही थी। लेकिन वैद्य जायसवाल के विशेष मंजन और औषधियों से उन्हें पूरी तरह आराम मिल गया। इसका लाभ उनके परिवार को भी मिला है। पुणे में रहने वाली उनकी बहन और एक अन्य रिश्तेदार को दांतों की गंभीर समस्या के लिए पचास हजार रुपये तक का खर्च बताया गया था, लेकिन इस आयुर्वेदिक मंजन के उपयोग से अब वे पूरी तरह स्वस्थ हैं और उन्हें किसी महंगी सर्जरी की आवश्यकता नहीं पड़ी। डॉ. यादव ने अन्य लोगों से भी अपील की है कि वे मोटापे और आंखों की कमजोरी (मोटे चश्मे) जैसी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए आयुर्वेद को अपनाएं।

क्षीरसागर स्थित प्रकाश टॉकीज की गली में जायसवाल धर्मशाला में यह निःशुल्क शिविर 20 से 24 मार्च तक चलेगा। शिविर में महाकाल वन मेले में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित वैद्य जायसवाल मरीजों का निःशुल्क नाड़ी परीक्षण कर रहे हैं। यहां मरीज को अपनी बीमारी बताने की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि वैद्य स्वयं नाड़ी देखकर रोग की सटीक पहचान कर लेते हैं।

## खबर एक नजर...

### मुख कैंसर की प्रारंभिक पहचान और सटीक निदान पर दंत चिकित्सकों ने किया मंथन

**उज्जैन।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन उज्जैन शाखा द्वारा डॉ. निहित सिंह राणा की अध्यक्षता में एक सतत दंत शिक्षा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का मुख्य विषय 'डायग्नोसिस में हिस्टोपैथोलॉजी, बायोप्सी एवं रेडियोलॉजिकल जांच की भूमिका' था। इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य दंत चिकित्सकों के बीच मुख कैंसर की प्रारंभिक पहचान, सटीक निदान कौशल और उपचार प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ करना था।

विशेषज्ञों के इस मंथन से शहर के मरीजों को सीधा लाभ मिलेगा, जिससे मुख कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को अब प्रारंभिक अवस्था में ही पहचाना जा सकेगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अतुल शर्मा एवं डॉ. पंकज गुप्ता ने अपने विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किए और उपस्थित चिकित्सकों का मार्गदर्शन किया।

आयोजन में शहर के बड़ी संख्या में दंत चिकित्सकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन डॉ. नमिता अग्रवाल ने किया तथा अंत में डॉ. अंकित बाबर एवं डॉ. अपूर्व धारीवाल द्वारा आभार व्यक्त किया गया। डॉ. शुभम करोड़े ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दंत चिकित्सकों के कौशल उन्नयन के लिए भविष्य में भी इस तरह के वैज्ञानिक सत्र निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

### उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड हाईवेः मुआवजे को लेकर फिर भड़का किसानों का आक्रोश, अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी

**उज्जैन।** उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड हाईवे के लिए अधिग्रहित की जा रही जमीन के मुआवजे को लेकर किसानों का विरोध एक बार फिर तेज हो गया है। किसानों का आरोप है कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद जिला प्रशासन उन्हें गुमराह कर रहा है। उज्जैन-इंदौर ग्रीनफील्ड रोड की तर्ज पर वास्तविक बाजार मूल्य के आधार पर मुआवजा तय नहीं किया जा रहा है और प्रशासन किसानों की मांगों की अनदेखी कर सीधे अवार्ड पारित करने की तैयारी में है। किसानों के अनुसार, पूर्व में आभार और स्वागत कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया था कि यह किसानों की सरकार है और किसान कल्याण वर्ष में उन्हें कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने बाजार मूल्य के अनुसार उचित मुआवजा राशि देने की बात स्वीकार करते हुए जिला प्रशासन को स्पष्ट निर्देश भी दिए थे। इसके बावजूद प्रशासन किसानों की बात नहीं मान रहा है और किसानों के हित में निर्णय लेने के बजाय पिछले आठ दिनों से केवल समय निकाल रहा है। किसानों का स्पष्ट कहना है कि वे विकास के साथ हैं और चाहते हैं कि उचित मुआवजा देकर सड़क का निर्माण हो। लेकिन जिला प्रशासन ने जिस प्रकार से मुआवजे का आकलन किया है, उससे ऐसा प्रतीत होता है कि प्रशासन स्वयं नहीं चाहता कि सड़क का निर्माण सुचारू रूप से हो।

समापन समारोह में विशेषज्ञों ने दी ईमानदार और नैतिक चिकित्सा अभ्यास की सलाह

# आर.डी. गार्डी में 28वां ऑर्थोपेडिक्स पीजी कोर्स संपन्नः बच्चों की अस्थि समस्याओं और बोन कैंसर पर हुआ मंथन

### डॉ. ऐश्वर्या महाजन को बेस्ट पार्टिसिपेशन अवार्ड

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन



आर. डी. गार्डी मेडिकल कॉलेज में 20 मार्च से चल रहा 28वां बी. मुखोपाध्याय पोस्टग्रेजुएट इंस्ट्रक्शनल कोर्स रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। आयोजन के अंतिम दिन के सत्र में मुख्य रूप से बच्चों की हड्डी संबंधी समस्याओं और बोन कैंसर पर प्रमुखता से चर्चा की गई। इस विशेष सत्र में मुंबई के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. अलारिक अरूजीस और अहमदाबाद के डॉ. अभिजीत सालुंके ने अपने व्याख्यान दिए। वहीं उज्जैन के डॉ. जितेंद्र भटनागर ने हड्डियों की विकृतियों को दूर करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली रशियन तकनीक का व्यावहारिक प्रदर्शन किया।

आयोजन के समापन समारोह में वर्ल्ड ऑर्थोपेडिक कंसर्न इंटरनेशनल के अध्यक्ष डॉ. अरिंदम बनर्जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह में क्लिनिकल केस पर उत्कृष्ट चर्चा के लिए डॉ. ऐश्वर्या महाजन को बेस्ट पार्टिसिपेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसी तरह डॉ. आर. डी. श्रीवास्तव को बेस्ट शॉर्ट केस और डॉ. अभिनव अमन को बेस्ट लॉन्ग केस का पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर कोर्स डायरेक्टर डॉ. डी. के. तनेजा ने सभी प्रशिक्षु चिकित्सकों को चिकित्सा के क्षेत्र में हमेशा ईमानदार और नैतिक मार्ग अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में आयोजन सचिव डॉ. विवेक सिंह ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

उज्जैन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अजय खरे ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. वी. के. महादिक के मार्गदर्शन में आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ऑर्थोपेडिक्स के पोस्टग्रेजुएट छात्रों की क्लिनिकल समझ और सर्जिकल विशेषज्ञता को बढ़ाना था। इस दौरान देशभर के जाने-माने ऑर्थोपेडिक सर्जनों ने ट्रॉमा प्रबंधन, जोड़ प्रत्यारोपण, रीढ़ की सर्जरी और खेल संबंधी चोटों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी गहन मार्गदर्शन देकर युवा सर्जनों के साथ अपना ज्ञान साझा किया।

### देव पूजन, संगतिकरण और दान से संपन्न होता है यज्ञ

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

चैत्र नवरात्रि के चतुर्थ दिवस पर गायत्री परिवार द्वारा शहर में दो स्थानों पर पंच कुण्डीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। प्रगति नगर स्थित विक्रांत हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित यज्ञ में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। संस्कार परंपराओं को जीवंत रखने के उद्देश्य से इस अवसर पर पुंसवन, अन्नप्राशन एवं गुरु दीक्षा संस्कार भी संपन्न कराए गए। यज्ञ का संचालन एम. रणधवल, नरेन्द्र सिंह सिकरवार, श्वेता प्रियदर्शी एवं शशि तोमर ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय संयोजिका पुष्पा गौर ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि देव पूजन, संगतिकरण और दान से ही यज्ञ पूर्ण होता है। नवरात्रि का पर्व संगठन की देवी दुर्गा को समर्पित है, इसलिए सज्जनों का संगतिकरण होना चाहिए। इसी उद्देश्य को लेकर यह सामूहिक यज्ञ आयोजित किया गया है। इसी क्रम में आनंदक विभाग के सूत्रधार प्रवीण जोशी के माध्यम से पंच कुण्डीय यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के उपझोन समन्वयक प्रभाकर सोनोने एवं जिला समन्वयक राम प्रसाद सरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। यज्ञ का संचालन उर्मिला तोमर, रजनी मीणा एवं रक्षा नरवरे ने किया।

# सिंधु दर्शन यात्रा सनातन जनजागरण का प्रतीक

### लद्दाख के पूर्व सांसद नामग्याल व हिमालय परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया यात्रियों का सम्मान






ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

लद्दाख के पूर्व सांसद जम्यांग सेरिंग नामग्याल और हिमालय परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह गिल ने शिवांजलि गार्डन में बीते वर्ष सिंधु दर्शन यात्रा कर लौटे सदस्यों का सम्मान किया। इस अवसर पर आगामी यात्रा की तैयारियों को लेकर आयोजित समारोह में नामग्याल ने कहा कि सिंधु दर्शन यात्रा सनातन जनजागरण और देश की अस्मिता का प्रतीक है। मैं लद्दाख के आम नागरिकों की ओर से मालवा क्षेत्र के लोगों को 17 से 30 जून तक होने वाली सिंधु दर्शन यात्रा के लिए आमंत्रित करने आया हूं। लद्दाख के नागरिक आपकी अगवानी के लिए आतुर हैं।

नामग्याल ने बताया कि यात्रा के तीसवें वर्ष को कुंभ के रूप में मनाया जाएगा। यह केवल तीर्थ यात्रा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और सभ्यता का प्रतीक है। अटल बिहारी वाजपेयी के समय लालकृष्ण आडवाणी ने सिंधु दर्शन यात्रा की शुरुआत की थी, जिसे इंद्रेश कुमार ने आगे बढ़ाया। लगभग तीन दशक से 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना के साथ यह यात्रा जारी है।

हिमालय परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह गिल ने कहा कि इस यात्रा ने इन तीन दशकों में लोगों को जोड़ने का काम किया है। भारत के आगे बढ़ने के साथ एक नया युग आ रहा है। तकनीक के साथ हम संस्कृति को लेकर भी आगे बढ़ रहे हैं। पहली बार सिंधु नदी पर जून में कुंभ की शुरुआत होगी।

सिंधु दर्शन यात्रा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरलीधर माखीजा ने कहा कि सिंधु विश्व की सबसे प्राचीन नदी है, जो भारतीय-वैदिक सभ्यता का प्रतीक मानी जाती है। इसी नदी पर झूलेलाल का जन्म हुआ था। उन्होंने बताया कि पहले यह यात्रा केंद्र सरकार की मदद से होती थी, लेकिन कांग्रेस के सत्ता में आने पर सहयोग बंद करने के साथ ही यात्रा भी बंद करा दी गई थी। इसके बाद जम्मू के बदले कुल्लू-मनाली से शुरूआत की गई। पुल टूटने के बावजूद हौसला नहीं टूटा और हवाई मार्ग से सिंधु नदी पहुंचे।

### उज्जैन के अथर्व ने रचा इतिहास, अकेले फतह किया अन्नपूर्णा बेस कैंप

**उज्जैन।** नेपाल के हिमालयी क्षेत्र में स्थित अन्नपूर्णा बेस कैंप पर उज्जैन के अथर्व यादव ने अकेले पहुंचकर एक नई मिसाल कायम की है। अथर्व ने 4,130 मीटर की ऊंचाई वाले इस चुनौतीपूर्ण ट्रेक को बिना किसी टीम के सोलो फतह किया है। बर्फ से ढके रास्ते, कठिन मौसम और ऊंचाई की गंभीर चुनौतियों के बीच अथर्व ने सिर्फ अपने हौसले और आत्मविश्वास के दम पर यह मुकाम हासिल किया। ट्रेकिंग विशेषज्ञों के अनुसार, अन्नपूर्णा बेस कैंप तक पहुंचना ही अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन इस दुर्गम रास्ते को अकेले पूरा करना अत्यधिक कठिन माना जाता है। अपनी इस सफलता पर अथर्व का कहना है कि वह इस सफर पर अकेला चला था, लेकिन आज हर कोई इस जीत का हिस्सा बन गया है। अथर्व अपने इस रोमांचक सफर और ट्रेकिंग के अनुभवों को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लगातार साझा करते रहते हैं, जिसे लोगों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है। अथर्व की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि की जानकारी खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष चंदू यादव ने दी।

# पूर्णिमाश्री सेवा संगठन का निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान संपन्न, लगे कुल 104 शिविर

### 25 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे समापन; अपने जन्मदिन पर लाभार्थियों के बीच रहेंगे मौजूद

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उपलब्धियों भरे ऐतिहासिक 2 वर्षों के उपलक्ष्य में पूर्णिमाश्री सेवा संगठन द्वारा जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से उज्जैन जिले में निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान चलाया गया। इस श्रृंखला के अंतर्गत रविवार को दक्षिण विधानसभा के ग्राम तालोद में 104वां और अंतिम शिविर संपन्न हुआ। अभियान का औपचारिक समापन 25 मार्च बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। अभियान के मुख्य संयोजक एवं भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण खोईवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से प्रारंभ इस अभियान में आयुष्मान योजना के अंतर्गत हृदय जांच हेतु अधिसूचित अशासकीय अस्पतालों के सहयोग से उज्जैन जिले में शिविर लगाए गए। श्रृंखला में कुल 104 शिविर आयोजित किए गए। इनमें विभिन्न अस्पतालों के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञों ने निःशुल्क सेवाएं प्रदान कीं, जिसमें जिले के हजारों नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर उपचार व परामर्श का लाभ लिया।

### अजय मिश्रा पुनः बने भारत विकास परिषद अवंतिका शाखा के अध्यक्ष

**उज्जैन।** भारत विकास परिषद अवंतिका शाखा की साधारण सभा 21 मार्च को पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान वित्त सचिव चिराग शाह के निवास स्थान पर आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से वर्ष 2026-27 के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें अजय मिश्रा को पुनः शाखा अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके साथ ही नीलेश शर्मा को सचिव और प्रकाश चंद्र व्यास को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। इस साधारण सभा में रीजनल संगठन सचिव सुनील लवंगिकर, राजेंद्र शाह, कृष्ण कुमार पोरवाल, चंद्र शेखर ओझा, उन्माद नागर और कृतिका शाह सहित परिषद के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# विधायक सामुदायिक भवन है आमजन की संपत्ति : मंत्री काश्यप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



विधायक सामुदायिक भवन आमजन की संपत्ति है, नागरिकों के मांगलिक व अन्य कार्यक्रम अपने ही क्षेत्र में संपादित हो इस हेतु विधायक सामुदायिक का निर्माण किया जा रहा है ताकि नागरिकों को सुविधा हो।

उक्त उदगार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री एवं विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य काश्यप ने वार्ड क्रमांक ७ स्थित जनता नगर नयागांव में विधायक एवं निगम निधि से 51 लाख की लागत से विधायक सामुदायिक भवन, पेवर ब्लॉक तथा बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य के भूमि पूजन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। उन्होने इस अवसर पर महापौर प्रहलाद पटेल व निगम परिषद की प्रशंसा करते हुए कहा कि निगम परिशद ने अपने कार्यकाल में 300 करोड़ से अधिक के विकास कार्य कर इतिहास रचा है, विकास का यह क्रम रूकेगा नहीं।

महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर कहा कि जिस आशा व विश्वास के साथ नागरिकों ने हमें चुनकर भेजा है यही आशा व विश्वास हमें विकास कार्य करने की शक्ति प्रदान करता है। इस क्षेत्र की वर्षो पुरानी मांग आज पुरी होने जा रही है विधायक सामुदायिक भवन का निर्माण पूर्ण होने पर नागरिक अपने छोटे-मोटे मांगलिक व अन्य कार्यक्रम पूर्ण कर सकेंगे।

उन्होने कहा कि नगर निगम तो अपना कार्य कर ही रही है नागरिकों का भी कर्तव्य है कि वे अपने शहर को साफ-स्वच्छ रखने में अपना पूर्ण योगदान दें, स्वच्छता निरंतर चलने वाला कार्य है इसे अपनी आदत में शामिल करें। निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि रतलाम नगर के चंहूमुखी विकास के लिये निगम परिषद कटिबद्ध है, नगर का कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है जहां विकास कार्य नहीं हो रहे है, शहर की दशा-दिशा दिन प्रतिदिन बदलती जा रही है व रतलाम नगर से महानगर की ओर बढ़ता जा रहा है।

क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती देवश्री पुरोहित ने इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन देते हुए विधायक सामुदायिक भवन, पेवर ब्लॉक तथा बाउण्ड्रीवॉल निर्माण की जानकारी से अवगत कराते हुए क्षेत्र को सामुदायिक भवन की सौगात देने पर आभार व्यक्त किया। प्रारंभ में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, मंडल अध्यक्ष श्रीमती सोना शर्मा, मयूर पुरोहित, नन्दकिशोर पवांर, श्रीमती अनिता कटारिया, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती देवश्री पुरोहित, महापौर परिषद सदस्य धर्मेन्द्र व्यास, विशाल शर्मा, पार्षद श्रीमती अनिता वसावा, श्रीमती अनिता वसावा, पार्षद प्रतिनिधि हेमराज वसावा के अलावा धर्मेन्द्र देवड़ा, करण वशिष्ठ, चेतन टांक, प्रदीप राव सहित क्षेत्रिय नागरिकों ने विधायक सामुदायिक भवन, पेवर ब्लॉक तथा बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। भूमि पूजन पश्चात आमंत्रित अतिथियों का स्वागत पुष्पहार व पुष्प गुच्छ से किया गया।



## ग्राम देशवालिया में बिजासन देवी मन्दिर पर रामनवमी धूमधाम से मनेगी

जावरा । रामनवमी के पावन अवसर पर ग्राम देशवालिया में मां बिजासन देवी की विशेष पूजा अर्चना कर अंलसें परिवार समाजजन एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित होकर धूमधाम से मनाएंगे। सामाजिक कार्यकर्ता डॉक्टर मदनलाल गांगले मां बिजासन देवी सेवा समिति अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र अंलसे देशवालिया एवं ललित पांडे ने बताया कि देशवालिया में रामनवमी के अवसर पर समस्त परिवारजन व समाजजन एक साथ एकत्रित होकर मां बिजासन देवी की विशेष पूजा अर्चना करेंगे ।उल्लेखनीय है की मां बिजासन देवी मूर्ति की गत वर्ष ही प्राण प्रतिष्ठा हुई है ।उक्त आयोजन के लिए व्यापक रूप से तैयारीया की जा रही है। उक्त आयोजन के लिए ग्रामीण जनों में काफी उत्साह बना हुआ है। समिति अध्यक्ष डॉ अंलासे ने उक्त आयोजन में आमजन से उपस्थित रहकर धर्म लाभ लेने का अनुरोध किया है।

# निजी अस्पताल की लापरवाही पर उपभोक्ता आयोग ने डॉ. एवं अस्पताल पर लगाया 10 लाख का जुर्माना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा

जिला उपभोक्ता विवाद प्रति तोषण आयोग रतलाम ने एक फैसले में चिकित्सा में लापरवाही को मानते हुए निजी अस्पताल एवं डॉक्टर पर 10 लाख रुपए का जुमार्ना लगाने का आदेश दिया। वर्तमान में निजी अस्पताल जावरा से बंद हो गया। अधिवक्ता मनीष त्रिवेदी ने बताया कि ग्राम पंचेवा (पिपलोदा )निवासी यशोदा बाई 35 पेट दर्द के इलाज के लिए भीमा खेड़ी चौराहा स्थित पाटीदार मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल पहुंची थी। यहां डॉक्टर पूजा देवड़ा ने महिला मरीज के पेट में गांठ बताकर जल्द ऑपरेशन करने की सलाह दी ।मरीज को यह भी कहा कि यदि ऑपरेशन शीघ्र नहीं कराया गया तो गांठ फट सकती है। और कैंसर का खतरा भी हो सकता है । 19 नवंबर 2022 को ऑपरेशन का कर गांठ निकाल दी गई। 23 नवंबर को महिला को अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई। लेकिन महिला के स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हुआ पेट में दर्द यथावत बना रहा ।मरीज का ऑपरेशन के दौरान पर्याप्त जांच किए बिना एवं बिना सहमति के बच्चेदानी निकाल दी गई। इसमें गंभीर लापरवाही एवं अधिकारों का उल्लंघन है ।

पीड़िता ने उक्त गंभीर लापरवाही की शिकायत प्रशासन एवं पुलिस से की थी इस पर प्रारंभिक स्तर पर कार्रवाई करते हुए पूर्व में 50 हजार का जुमार्ना लगाया गया था। लेकिन पीड़ित महिला ने पूर्व हुई जांच से संतुष्ट न होकर अपने अधिवक्ता त्रिवेदी के माध्यम से जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद प्रस्तुत किया ।आयोग ने सुनवाई के बाद डॉक्टर पूजा देवड़ा व पाटीदार अस्पताल के संचालक को दोषी पाया ।आयोग ने 10 लाख रुपए का हजार्ना अदा करने का आदेश दिया ।परिवाद प्रस्तुत करने की तिथि से भुगतान तक 6प्र तिशत वार्षिक ब्याज देने के निर्देश भी दिए। उक्त राशि 60 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। इसके अलावा मेडिकल काउंसिल द्वारा भी डॉक्टर को दोषी मानते हुए तीन माह के लिए डॉक्टर का पंजीयन निलंबित करने की अनुशंसा की गई है।

# बलवंत भाटी भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री बने

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

संगठन विस्तार के तहत रतलाम के सक्रिय और अनुभवी नेता बलवंत भाटी को पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रदेश मंत्री नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। बलवंत भाटी लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वे भाजपा के दो बार जिला उपाध्यक्ष तथा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलता पूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। रतलाम के महापौर पद एवं जिला अध्यक्ष के प्रबल दावेदारों में भी शामिल रहे हैं। पार्टी नेतृत्व ने उनके संगठनात्मक अनुभव, समर्पण और कार्य शैली को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति से पिछड़ा वर्ग मोर्चा को प्रदेश स्तर पर और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। नियुक्ति के पश्चात बलवंत भाटी ने पार्टी के प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे तथा पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।



## सिविल जज परीक्षा में चयनित गुप्ता ने विद्यार्थियों को दिए सफलता के मंत्र

मंदसौर। श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय द्वारा ग्राम भूनिया खेड़ी में आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के छठे दिन बौद्धिक चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गुजरात सिविल जज परीक्षा में 11वां स्थान प्राप्त करने वाली सुश्री झील गुप्ता रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि निरंतर अध्ययन और आत्मविश्वास ही किसी भी बड़ी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता की कुंजी है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यदि लक्ष्य के प्रति दृढ़ निश्चय हो तो कोई भी बाधा आपको सफल होने से नहीं रोक सकती। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार कौशिक ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रोफेसर करण आर्य, सौम्या जैन, चंचल शर्मा, हेमलता चौहान और प्रवीण चौधरी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिविरार्थी प्रार्थना जोशी ने किया।

## एनएसएस शिविर में ग्रामीणों को दी आधुनिक खेती की जानकारी

मंदसौर। उद्यानिकी महाविद्यालय द्वारा ग्राम मोहम्मदपुरा (मैनपुरिया) में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पांचवें दिन स्वास्थ्य और कृषि जागरूकता पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। रेड रिबन क्लब के तहत आयोजित कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय की एड्स नियंत्रण समिति के सदस्य डॉ. राजेश रजक ने ग्रामीणों और स्वयंसेवकों को एचआईवी/एड्स के कारणों और बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बीमारी से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों को दूर करने और सुरक्षित व्यवहार अपनाने पर जोर दिया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने रैली और पोस्टर निर्माण के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। शिविर के शाम के सत्र में किसान संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जी.एस. चुण्डावत और सहायक प्राध्यापक डॉ. रोशन गलानी ने किसानों को खेती की वर्तमान समस्याओं के समाधान बताए। कार्यक्रम महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. दीपक हरि रानडे के मार्गदर्शन और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप तुरुकमाने के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

# गेंहू पर किसानों को 40 रुपये बोनस जले पर नमक छिड़कना है-सिसौदिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पिपलिया मंडी

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किसानों को बोनस के रुपये 40 रुपये दिए जाने से आक्रोशित किसानों के साथ कांग्रेसनेताओ ने रविवार को क्षेत्र में कई गेंहू के खेतो में जाकर किसानों से चर्चा की व किसानों को पुष्पमाला पहनाकर उनका सम्मान भी किया।

इस मौके पर किसान कन्हैयालाल ररोतिया ने बताया कि मेने 4 बीघा में गेंहू बोए है मंडी में गेंहू 1800 से 2200 रुपये ही बिक रहे है वही मजदूर गेंहू काटाई जे 4000 से 4500 सो रुपये बीघा की काटाई के ले रहे है महंगा खाद,बीज कीटनाशक मेहनत के बाद भी लागत मूल्य नही मिल पारहा है किसान कर्ज में डूबता जारहा है घर परिवार चलाना,बच्चों की पढ़ाई,लिखाई सामाजिक कार्यो को करने के लिए उधार लेकर काम चलाना पड़ रहा है। किसान विष्णु ररोतिया ने कहा कि क्षेत्र में विगत माह तेज बारिश व ओला वृष्टि से कई गांवों में अफीम,गेंहू,चने की व अन्य फसले पूरी तरह चौपट होगई प्रदेश के डिप्टी सीएम जगदीश जी देवड़ा ने स्वयं फसल नुकासानी को देखा था उसके बाद भी आज तक किसानों के खाते में किसी प्रकार का कोई मुआवजा नही आया। प्रदेश कांग्रेस के सचिव परशुराम सिसौदिया ने कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा की सरकार किसान विरोधी होकर पूंजीपतियों की सरकार है।

## विधायक ने क्षेत्र में उच्च शिक्षा के विकास को नई गति दी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

क्षेत्र में उच्च शिक्षा के विकास को एक नई गति देते हुए विधायक दिलीपसिंह परिहार के प्रयासों से स्वामी विवेकानंद कॉलेज, नीमच को 2.83 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण सौगात प्राप्त हुई है। इस राशि से कॉलेज परिसर में दो आधुनिक सेमिनार हॉल, दो प्रयोगशालाएं एवं दो स्टाफ कक्षों का निर्माण किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकेंगी। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए विधायक परिहार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के प्रति आभार व्यक्त किया है। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विश्वदेव शर्मा की मांग पर विधायक परिहार ने विधानसभा सत्र के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री से यह आग्रह भी किया कि कॉलेज में बी.एड, एम.सीए एवं एम.बीए जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम जल्द प्रारंभ किए जाए।

# पुलिस ने दुकान में चोरी किया मश्रुका व बाईक जब्त कर आरोपी को पकड़ा


ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाये जा रहे चोरी के अपराधों में आरोपियों की धरपकड हेतु अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमच श्री नवलसिंह सिसौदिया व नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी नीमच केंट निरीक्षक नीलेश अवस्थी के नेतृत्व में पुलिस थाना नीमचकेंट टीम द्वारा थाना नीमचकेंट के अपराध में आरोपी साहिल को गिरफतार कर चोरी किया मश्रुका व घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त करने में सफलता प्राप्त की है।

**घटना का विवरण** - 11 मार्च को फरियादी मोहम्मद रफीक पिता कमरूद्धीन कुरैशी निवासी राजीव नगर नीमच ने थाना नीमचकेंट उपस्थित होकर रिपोर्ट किया की मैं राजिव नगर, नीमच में रहता हूँ तथा माहाराणा बंगला, जारोली काम्पलेक्स, नीमच में मेरी एल्युमीनियम सेक्शन की आर. के. ट्रेडर्स के नाम से दुकान चलाता हूँ। जहाँ पर मेरा एल्युमीनियम सेक्शन से संबंधित सारा सामन भी रखा रहता है 9 मार्च को शाम 5 बजे के लगभग मैं अपनी उक्त दुकान को बंद कर व दुकान की शटर के दोनो तरफ ताला लगा कर रोजा होने से घर पर चला गया था। बाद 10 मार्च को सुबह मैं अपनी दुकान पर आया तो देखा कि दुकान की शटर का एक तरफ का ताला टूटा हूआ था। टूटे हूए ताले की तरफ से शटर को उचा कर खोल रखा था। मैने दुसरी तरफ का शटर खोल कर दुकान के अंदर जाकर देखा तो दुकान मे रखा एल्युमिनियम सेक्शन प्रत्येक की लम्बाई 15 फिट, कुल 15 बन्डल जिनका कुल वजन 750 कि.ग्रा. था वह वहाँ पर नहीं मिले तथा एक हिटाची कम्पनी का हेन्डकटर, तथा एल्युमिनियम से संबंधी सामग्री व मेरे दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी नहीं था।

## शहीद दिवस पर दशपुर जागृति संगठन प्रज्जवलित करेगा तीन मशालें

मंदसौर। देश की आजादी के महानायक शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान दिवस के अवसर पर 23 मार्च को दशपुर जागृति संगठन द्वारा स्थानीय गांधी चौराहे पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संगठन के मीडिया प्रभारी जयंत भावसार ने बताया कि सोमवार प्रातः 10.30 बजे तीन मशालें प्रज्वलित कर क्रांतिकारियों को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इस दौरान भगत सिंह के अंतिम पत्र का वाचन होगा और भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने की शपथ ली जाएगी। संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा और संयोजक सत्येंद्र सिंह सोम ने बताया कि वे लंबे समय से क्रांति चौराहे का नाम इन शहीदों के नाम पर रखने की मांग कर रहे हैं।



नई वेबसीरीज

## करण जौहर की नजदीकियां में दिखेंगे हीरामंडी के नवाब ताजदार

बॉलीवुड अभिनेता ताहा शाह बदुशा इन दिनों लगातार चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने हीरामंडी में नवाब ताजदार का किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीत लिया। इस सीरीज में उनके अभिनय को खूब सराहा गया और इससे उन्हें एक नई पहचान मिली। अब ताहा शाह जल्द ही फिल्म निर्माता करण जौहर की नई वेब सीरीज नजदीकियां में नजर आने वाले हैं।

यह सीरीज धर्मा प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनेगी और प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की जाएगी। वेब सीरीज करण जौहर की फिल्म कभी अलविदा ना कहना से प्रेरित हो सकती है, जिसमें रिश्तों की जटिलताओं को दिखाया गया था। सीरीज की कहानी दो शादीशुदा जोड़ों के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां उनके पति एक-दूसरे के प्यार में पड़ जाते हैं। इस कहानी में कर्तव्य और व्यक्तिगत खुशी के बीच संघर्ष को दिखाया जाएगा।

**धर्मा के साथ फिर से काम करना मेरे लिए खास-** सीरीज में ताहा शाह के साथ परेश पाहुजा, आकांक्षा सिंह और निकिता दत्ता भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसका निर्देशन रुचिर अरुण करेंगे। ताहा ने इस प्रोजेक्ट को लेकर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि धर्मा प्रोडक्शन के साथ फिर काम करना उनके लिए खास है। इससे पहले वह गिप्पी में भी काम कर चुके हैं। ताहा शाह ने अपने करियर की शुरुआत 2011 में फिल्म लव का द एंड से की थी। इसके बाद वह कई प्रोजेक्ट्स में नजर आए।

लैक्मे फैशन वीक के तीसरे दिन

# दिशा पाटनी बनीं शोस्टॉपर

मुंबई में शनिवार को लैक्मे फैशन वीक के तीसरे दिन दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया, शनाया कपूर और खुशी कपूर ने अलग-अलग डिजाइनरों के लिए शोस्टॉपर के रूप में रैंप वॉक किया।

दिशा पाटनी ने ब्लैक आउटफिट के साथ स्टेटमेंट दुपट्टा और ब्लाउज कैरी किया। उन्होंने बालों को बन में स्टाइल किया, जिसमें कुछ लटें खुली रखीं। ज्वेलरी में डायमंड नेकलेस के साथ एमराल्ड पेंडेंट पहना।

तमन्ना भाटिया और खुशी कपूर ने भी रैंप वॉक किया

वहीं, खुशी कपूर ने भी तीसरे दिन रैंप वॉक किया। उन्होंने फ्लोरल एम्बेलिश्ड क्रॉप टॉप के साथ मैचिंग लहंगा पहना और कलेक्शन के रंग, पैटर्न और डिटेलिंग की सराहना की।

शो का समापन एक्ट्रेस मालविका मोहनन ने किया। उन्होंने ऑल-व्हाइट लुक में क्रॉप्ड जैकेट, व्हाइट शर्ट और असिमेट्रिक स्कर्ट पहनकर रैंप वॉक किया।

लैक्मे फैशन वीक भारत का एक प्रमुख फैशन इवेंट है, जिसे लैक्मे और एफडीसीआई वर्ल्डवाइड मिलकर आयोजित करते हैं। अब यह फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ साझेदारी में होता है। यह मंच भारतीय डिजाइनरों को अपने नए कलेक्शन दिखाने और ग्लोबल पहचान बनाने का मौका देता है। यह इवेंट साल में दो बार होता है।

मार्च में समर-रिसॉर्ट या फॉल-विंटर कलेक्शन और अक्टूबर में विंटर-फेस्टिव कलेक्शन पेश किए जाते हैं। इसका आयोजन मुख्य रूप से मुंबई में होता है। 2026 का मार्च एडिशन 19 से 22 मार्च तक जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जा रहा है।







## प्रियदर्शन की 100वीं फिल्म में नजर आएंगे मोहनलाल

### डायरेक्टर की पहली फिल्म में भी काम कर चुके मोहनलाल, बोले- खुद को सम्मानित महसूस कर रहा

मलयालम सिनेमा के दिग्गज अभिनेता मोहनलाल और डायरेक्टर प्रियदर्शन एक बार फिर साथ आ रहे हैं। यह प्रियदर्शन के करियर की 100वीं फिल्म होगी। खास बात यह है कि मोहनलाल ने ही प्रियदर्शन की पहली फिल्म में लीड रोल निभाया था और अब वे उनकी 'सेंचुरी' वाली फिल्म का भी हिस्सा बनेंगे।

यह फिल्म एक 'म्यूजिकल ड्रामा' होगी, जिसे आशीर्वाद सिनेमाज के बैनर तले बनाया जाएगा। हालांकि इस प्रोजेक्ट का नाम अभी तय नहीं हुआ है।

**मोहनलाल ने लिखी इमोशनल पोस्ट-** मोहनलाल ने सोशल मीडिया पर एक नोट लिखकर फिल्म पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने लिखा, कुछ उपलब्धियां किसी एक व्यक्ति की नहीं होतीं। मेरे प्रिय मित्र प्रियन (प्रियदर्शन) अपनी 100वीं फिल्म की ओर कदम बढ़ा रहे हैं और मेरे पास शब्द नहीं हैं कि यह मेरे लिए क्या मायने रखता है। 100 फिल्में सिर्फ एक नंबर नहीं हैं, बल्कि कहानियों से भरा एक जीवन है। मैं इस सफर का हिस्सा बनकर खुद को सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

**एंथोनी पेरुम्बावूर करेंगे प्रोड्यूस-** इस फिल्म को मोहनलाल के करीबी और मशहूर प्रोड्यूसर एंथोनी पेरुम्बावूर प्रोड्यूस कर रहे हैं, जबकि बिनू जॉर्ज अलेक्जेंडर को-प्रोड्यूसर होंगे। फिल्म की कहानी को लेकर अभी ज्यादा जानकारी साझा नहीं की गई है,लेकिन मेकर्स ने साफ किया है कि यह प्रियदर्शन की सिग्नेचर कॉमेडी फिल्मों से अलग एक म्यूजिकल फिल्म होगी। फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है।


**भारतीय सिनेमा में बनेगा नया रिकॉर्ड-** यह फिल्म भारतीय सिनेमा में एक नया रिकॉर्ड सेट कर सकती है। बहुत कम ऐसा देखा गया है कि जिस अभिनेता ने किसी डायरेक्टर की पहली फिल्म में काम किया हो, वही उसकी 100वीं फिल्म में भी मुख्य भूमिका निभाए।

## शकीरा का इंडिया कॉन्सर्ट पोस्टपोन: ईरान-इजराइल तनाव के कारण फैसला

# 32 हजार तक की टिकट बिकी थी, अब मिलेगा रिफंड

ग्लोबल पॉप स्टार शकीरा का अप्रैल में होने वाला 'फीडिंग इंडिया कॉन्सर्ट' फिलहाल टाल दिया गया है। ऑर्गनाइजर्स ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और ईरान-इजराइल युद्ध की स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया गया है।

अभी तक कॉन्सर्ट की नई तारीखों का एलान नहीं किया गया है। शकीरा का मुंबई में 10-11 अप्रैल और दिल्ली में 15 अप्रैल को परफॉर्म करने का शेड्यूल था। इससे पहले अमेरिकी रैपर कान्ये वेस्ट का कॉन्सर्ट भी भारत में दो महीने के लिए आगे बढ़ा दिया गया था।







**सुरक्षा कारणों से लिया गया फैसला-** कॉन्सर्ट ऑर्गनाइजर 'डिस्ट्रिक्ट' ने इंस्टाग्राम पर एक लंबा पोस्ट शेयर किया है। इसमें लिखा है, मौजूदा जियो पॉलिटिकल स्थिति और क्षेत्रीय तनाव के कारण शकीरा का कॉन्सर्ट अगले नोटिस तक पोस्टपोन किया जा रहा है। हमारे लिए फैंस, आर्टिस्ट और प्रोडक्शन टीम की सुरक्षा सबसे ऊपर है। ऑर्गनाइजर्स ने बताया कि वे शकीरा की टीम के साथ मिलकर नई तारीखों पर काम कर रहे हैं और जैसे ही कुछ फाइनल होगा, उसकी जानकारी दी जाएगी।

**32 हजार रुपए तक थी टिकट की कीमत-** शकीरा के इस कॉन्सर्ट को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त क्रेज था, क्योंकि वे 2007 के बाद पहली बार भारत आने वाली थीं। इसके टिकट काफी महंगे बिके थे। मुंबई में सबसे महंगा एचएसबीसी स्टारस्क लाउंज पास' 32,000 रुपए का था। इसमें 28,500 रुपए की टिकट के साथ जीएसटी और बुकिंग फीस शामिल थी। वहीं, प्लैटिनम लाउंज का टिकट 24,500 रुपए और वीआईपी सेक्शन का टिकट 14,500 रुपए का था। दिल्ली में भी स्टारस्क लाउंज की कीमत करीब 30,500 रुपए रखी गई थी।



**पूरा पैसा वापस मिलेगा-** जिन लोगों ने टिकट बुक किए थे, ऑर्गनाइजर्स ने उन्हें रिफंड का भरोसा दिया है। डिस्ट्रिक्ट की तरफ से बताया गया कि जिन्होंने भी टिकट्स खरीदी थीं, उन्हें पूरा पैसा वापस मिलेगा। यह रिफंड उसी 'ओरिजनल पेमेंट मोड' में क्रेडिट किया जाएगा। किसी भी सवाल या समस्या के लिए ऑर्गनाइजर्स ने एक आधिकारिक ईमेल आईडी भी जारी की है।

**मिडिल ईस्ट संकट का असर-** मिडल ईस्ट में ईरान और इजराइल के बीच जारी युद्ध की स्थिति ने अंतरराष्ट्रीय यात्राओं और लॉजिस्टिक्स को प्रभावित किया है। कई एयरलाइंस ने अपने रूट बदल दिए हैं और विदेशी कलाकारों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। सुरक्षा एजेंसियों की सलाह के बाद कॉन्सर्ट टाले जा रहे हैं।

### केकेआर के पेसर इंजरी के कारण नहीं खेलेंगे, मेगा ऑक्शन में एक करोड़ में खरीदा था

# आकाश दीप आईपीएल 2026 से बाहर हुए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली


कोलकाता नाइट राइडर्स को आईपीएल 2026 से पहले एक और झटका लगा है। टीम के तेज गेंदबाज आकाश दीप पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट वेबसाइट क्रिकबज को फ्रेंचाइजी के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की।

29 साल के बंगाल के इस गेंदबाज को पिछले साल अबू धाबी में हुए मेगा ऑक्शन में 1 करोड़ रुपये के बेस प्राइस पर टीम ने खरीदा था। हालांकि, वह अब तक टीम कैंप से नहीं जुड़े हैं।

**सीओई में रिहैब कर रहे-** आकाश दीप बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कर रहे हैं। उनकी चोट किस तरह की है, यह साफ नहीं हो सका है, लेकिन मैनेजमेंट और फ्रेंचाइजी के बीच इसको लेकर बातचीत हुई है।

**हर्षित राणा भी बाहर हुए-** केकेआर के लिए यह चिंता बढ़ाने वाली खबर है, क्योंकि इससे पहले हर्षित राणा और मथीशा पथिराना को लेकर भी टीम को अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। पथिराना को अभी श्रीलंका क्रिकेट से क्लियरेंस मिलना बाकी है। टीम ने 18 मार्च से कोलकाता में कैंप शुरू किया है, लेकिन आकाश दीप इसमें शामिल नहीं हो पाए।

**केकेआर को पथिराना के फिट होने की उम्मीद-** श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना भी चोट के




कारण फिलहाल उपलब्ध नहीं हैं। हालांकि केकेआर उन्हें रिप्लेस नहीं करना चाहती क्योंकि फ्रेंचाइजी को उम्मीद है कि वे आईपीएल के दौरान किसी समय टीम से जुड़ सकते हैं। केकेआर ने मेगा ऑक्शन में पथिराना को 18 करोड़ रुपए में खरीदा था। सोमवार को उनके मैनेजर ने केकेआर जर्सी में उनकी तस्वीर साझा की, जिससे उनके टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद बढ़ गई है।

**केकेआर ने रहमान की जगह मुजरबानी को चुना-** 13 मार्च को केकेआर ने जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी को अपने साथ जोड़ा था। फ्रेंचाइजी ने उन्हें बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के रिप्लेसमेंट के रूप में साइन किया है। रहमान को बीसीसीआई के निर्देश के बाद फ्रेंचाइजी ने रिलीज कर दिया था।

## सीएसके रीयूनियन में धोनी-ब्रावो का चैंपियन गाने पर डांस, सुरेश रैना को गले लगाया

### चेपॉक स्टेडियम में संजू-दुबे को सम्मानित किया गया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नई

आईपीएल 2026 से पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने अपने फैंस के लिए रोर 2026 इवेंट को यादगार बना दिया। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम (चेपॉक) में आयोजित इस फैन इवेंट में टीम के कई पुराने खिलाड़ी शामिल हुए। सीएसके के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने ड्वेन ब्रावो के मशहूर चैंपियन गाने पर डांस किया और इसके बाद उन्होंने अपने करीबी साथी सुरेश रैना को गले लगाया। वहीं, युवा खिलाड़ियों संजू सैमसन और शिवम दुबे का सम्मान भी किया गया, जो इस इवेंट की सबसे खास झलकियों में शामिल रहा।

सीएसके के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने ड्वेन ब्रावो के मशहूर चैंपियन गाने पर डांस किया। ब्रावो ने स्टेज पर यह गाना गाया और उसी दौरान धोनी को भी बुलाया। दोनों ने एक-दूसरे को गले लगाया और फिर साथ में डांस किया। रोअर 2026 से पहले सीएसके के कई दिग्गज खिलाड़ी एक बार फिर साथ नजर आए। पूर्व खिलाड़ी एस बद्रीनाथ द्वारा शेयर की गई फोटो में सुरेश रैना, मैथ्यू हेडन, मुथैया मुरलीधरन, पार्थिव पटेल, हरभजन सिंह, अंबाती रायुडू, मुरली विजय और लक्ष्मीपति बालाजी जैसे बड़े नाम शामिल थे। इन सभी ने उरङ की पांचों क्द्धछ ट्रॉफियों के साथ तस्वीर खिंचवाई, जिसे ओल्डीजी स्क्वॉड कैप्शन दिया गया।

धोनी की एंट्री पर गूंजा चेपॉक, फैंस हुए भावुक 44 साल के धोनी इस इवेंट के केंद्र में रहे। उनकी एंट्री पर पूरा चेपॉक स्टेडियम खड़ा हो



गया और जोरदार स्वागत किया गया। धोनी ने मैदान पर विकेटकीपिंग भी की, फैंस के साथ बातचीत की और अंत में टीम के साथ लैप ऑफ ऑनर लिया। इस दौरान वह दर्शकों की ओर टेनिस बॉल मारते हुए भी नजर आए।

**युवा सितारों का सम्मान-** इवेंट में धोनी ने नए और उभरते खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया, जिनमें संजू सैमसन, शिवम दुबे और अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता आयुष म्हात्रे शामिल रहे।

**ब्रावो अब केकेआर में, लेकिन सीएसके से रिश्ता कायम-** ड्वेन ब्रावो, जिन्होंने उरङ के लिए 116 मैचों में 140 विकेट और 1004 रन बनाए हैं, अब कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटर हैं।

**क्या यह धोनी का आखिरी आईपीएल-** धोनी इस सीजन में भी सीएसके के लिए खेलेंगे, लेकिन अटकलें जारी हैं कि आईपीएल 2026 उनका आखिरी सीजन हो सकता है। हालांकि, उन्होंने अब तक अपने रिटायरमेंट को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

**सीएसके का आईपीएल 2026 शेड्यूल-** सीएसके अपने आईपी 2026 अभियान की शुरूआत 30 मार्च को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ करेगी। इसके बाद टीम 3 अप्रैल को पंजाब किंग्स, 5 अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और 11 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी।

## टीम इंडिया जून माह में आयरलैंड दौरे पर जाएगी



### दो मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगी 8 साल में चौथा दौरा होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत की फूल स्ट्रेंथ टीम जून 2026 में आयरलैंड दौरे पर जाएगी, जहां दोनों टीमों के बीच दो मैचों की टी-20 इंटरनेशनल सीरीज खेली जाएगी। बीसीसीआई ने इस दौरे का शेड्यूल घोषित कर दिया गया है।

यह सीरीज वर्ल्ड कप जीत के बाद भारत की पहली टी-20 सीरीज होगी। भारत ने 8 मार्च को अहमदाबाद में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया था। 8 साल में चौथा दौरा भारत ने पिछले आठ सालों में (2018, 2022 और 2023) तीन बार आयरलैंड का दौरा किया है। आयरलैंड के लिए यह दौरा व्यस्त 2026 कार्यक्रम का हिस्सा है। उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मुकाबला और अफगानिस्तान के खिलाफ पांच वनडे मुकाबले भी खेलने हैं। भारत को नहीं हरा सकी आयरलैंड भारत और आयरलैंड के बीच अब तक 3 टी-20 सीरीज खेले गए हैं। साल 2018 और 2022 में खेले गए दोनों ही दौरे पर भारत ने 2-0 से क्लीन स्वीप किया था। वहीं 2023 की तीन मैचों की सीरीज में भी भारतीय टीम ने 2-0 से जीत दर्ज की, जबकि एक मुकाबला नहीं हो सका। ये तीनों सीरीज आयरलैंड में ही खेली गई।













## सरकार ने अवैध ऑनलाइन

# 300 अवैध बेटिंग वेबसाइट्स-एप ब्लॉक किए




### इनमें ऑनलाइन स्पोर्ट्स बेटिंग प्लेटफॉर्म भी शामिल, अब तक 8400 प्लेटफॉर्म बंद

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

सरकार ने अवैध ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 300 वेबसाइट्स-एप्स को ब्लॉक किया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक अब तक कुल 8400 ऐसे प्लेटफॉर्म्स पर बैन लगाया जा चुका है। इनमें से करीब 4900 वेबसाइट्स ऑनलाइन गेमिंग एक्ट लागू होने के बाद ब्लॉक की गई हैं।

सरकारी सूत्रों के मुताबिक जिन प्लेटफॉर्म्स पर कार्रवाई की गई है, वे मुख्य रूप से अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए से जुड़े थे। इनके जरिए बड़े स्तर पर अवैध लेनदेन और जुए को बढ़ावा मिल रहा था। इसे रोकने के लिए आईटी एक्ट और अन्य संबंधित कानूनों के तहत लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है।

ऑनलाइन गेमिंग एक्ट लागू होने के बाद इस तरह के प्लेटफॉर्म्स पर कार्रवाई में तेजी आई है। सरकार का दावा है कि यह कदम डिजिटल स्पेस को सुरक्षित बनाने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए उठाया गया है।

प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 के तहत देश में रियल मनी गेमिंग पर बैन लगाया जाएगा। यह बिल 20 अगस्त को लोकसभा और 21 अगस्त को राज्यसभा से पास हुआ था। 22 अगस्त को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बना और 1 अक्टूबर से लागू किया गया।

## पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उद्योग, कृषि और इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए

# 54,926 करोड़ की योजनाओं को मंजूरी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 54,926 करोड़ की चार प्रमुख योजनाओं को मंजूरी दी गई। आइए इन फैसलों के बारे में विस्तार से जानें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की अहम बैठक में देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए कई बड़े फैसले लिए गए हैं। सरकार ने उद्योग, कृषि, सड़क निर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों को लक्षित करते हुए कुल 54,926 करोड़ रुपये के भारी-भरकम वित्तीय परिव्यय वाली चार प्रमुख योजनाओं पर मुहर लगाई है।

यह कदम भारत के समग्र आर्थिक विकास और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। बैठक के संपन्न होने के बाद सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन फैसलों की विस्तृत जानकारी मीडिया के साथ साझा की।

### कैबिनेट के अहम फैसले ये रहे?

**भारत औद्योगिक विकास योजना:** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण योजना को मंजूरी दे दी है। 'भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्य)' नामक इस केंद्रीय क्षेत्र की योजना के लिए 33,660 करोड़ रुपये का परिव्यय निर्धारित किया गया है। इस योजना के तहत देशभर में 100 निवेश-तैयार प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य उद्योगों के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करना है।

केंद्र सरकार प्रति एकड़ एक करोड़ रुपये तक का वित्तीय सहयोग प्रदान करेगी। यह योजना छह साल की अवधि के लिए है, जो वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2031-32 तक चलेगी। औद्योगिक पार्क के लिए न्यूनतम 100 एकड़ क्षेत्र की आवश्यकता होगी। हालांकि, पूर्वोत्तर और पहाड़ी क्षेत्रों में यह सीमा 25 एकड़ रखी गई है। यह पहल देश में विनिर्माण और रोजगार सृजन को गति देगी।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 101.515 किलोमीटर की इस परियोजना का उद्देश्य उत्तर प्रदेश भर के प्रमुख आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक्स केंद्रों को निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करना है।

आर्थिक मामलों पर कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने 6,969.04 करोड़ रुपये की लागत से हाइब्रिड एन्युटी मोड (एचएम) पर बाराबंकी से बहराइच तक 4-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड नेशनल हाईवे-927 के निर्माण को मंजूरी दे दी है।

इस परियोजना में सिविल कार्य की लागत लगभग 3,485.49 करोड़ रुपये है और भूमि अधिग्रहण के लिए अतिरिक्त 1,574.85 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस परियोजना से 36.54 लाख व्यक्ति-दिवस (प्रत्यक्ष) और 43.04 लाख व्यक्ति-दिवस (अप्रत्यक्ष) के नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

लघु पनबिजली विकास योजनाः केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2,585 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली एक लघु जलविद्युत विकास योजना को मंजूरी दी, इसका उद्देश्य 1,500 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के विकास को बढ़ावा देना है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों को बताया, 2,585 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ लघु जलविद्युत विकास योजना को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है।

मंत्री ने कहा कि पर्यावरण की दृष्टि से यह देश के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय है। इन परियोजनाओं को बिना बांध बनाए और लोगों को विस्थापित किए बिना, नदी के प्रवाह पर आधारित परियोजनाओं के रूप में विकसित किया जाएगा।



- **कपास एमएसपी (2023-24):** कैबिनेट ने कपास सीजन 2023-24 के दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) संचालन पर हुए 1,718 करोड़ रुपये के खर्च की प्रतिपूर्ति को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय किसानों को समर्थन देने के लिए लिया गया था, क्योंकि अक्तूबर 2023 से सितंबर 2024 तक चले इस सीजन में कपास की कीमतें एमएसपी से नीचे गिर गई थीं। सरकार ने भारतीय कपास निगम (सीसीआई) के माध्यम से किसानों से एमएसपी पर कपास की खरीद की। इस खरीद से 7.25 लाख किसानों को सीधा लाभ मिला। कुल 33 लाख गांठें कपास खरीदी गईं। इन खरीदों के माध्यम से किसानों को कुल 11,712 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई। कपास सीजन 2023-24 में भारतीय किसानों ने कुल 325 लाख गांठें कपास का उत्पादन किया था।
- **राजमार्ग और इंफ्रास्ट्रक्चर:** राष्ट्रीय सड़क संपर्क को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, राष्ट्रीय राजमार्ग-927 के बाराबंकी से बहराइच खंड को 4-लेन बनाने के लिए 6,969 करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजना को कैबिनेट की स्वीकृति मिली है।

## टैक्स हार्वेस्टिंग

# 31 मार्च से पहले ऐसे बचाएं टैक्स



### समझें 1.25 लाख तक छूट का आसान तरीका

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

स्मार्ट निवेशक हर साल टैक्स हार्वेस्टिंग का इस्तेमाल कर 1.25 लाख रुपये की टैक्स छूट का लाभ उठाते हैं। अगर आप इसका इस्तेमाल नहीं करेंगे, तो यह बेकार चली जाएगी। इसे फ्री मनी की तरह समझें, जो सरकार आपको टैक्स बचाने के लिए दे रही है।
जो इक्विटी निवेशक शेयरों या इक्विटी आधारित म्यूचुअल फंड को बेचकर लंबी अवधि के पूंजीगत लाभ पर टैक्स बचाना चाहते हैं, वे टैक्स-हार्वेस्टिंग का उपयोग कर सकते हैं। यह दो चरणों वाली प्रक्रिया है। सबसे पहले, आप संबंधित संपत्ति (शेयर, इक्विटी म्यूचुअल फंड) को 31 मार्च, 2026 को या उससे ठीक पहले बेचते हैं और फिर बाजार की हलचल से होने वाले नुकसान से बचने या उसे कम करने के उद्देश्य से, बहुत ही कम समय के भीतर उसी संपत्ति को दोबारा खरीद लेते हैं।

### क्या है टैक्स हार्वेस्टिंग?

छूट की सीमा तक लाभ बुक करना। घाटे का उपयोग लाभ की भरपाई के लिए करना। कुल टैक्स देनदारी को कम करना।
**टैक्स के नियम-** एलटीसीजी (12 महीने से अधिक होल्डिंग) : प्रति वित्त वर्ष 1.25 लाख रुपये तक छूट; इसके ऊपर के लाभ पर 12.5% टैक्स, एसटीसीजी (12 महीने या उससे कम होल्डिंग): 20% टैक्स (धारा 111अ के तहत)।

# आर्थिक गति बनी रही तो 2047 तक समृद्ध राष्ट्र बन सकता है भारत, जानें क्यों हो रहा ये दावा

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत के नीति निर्माता उत्पादकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। सड़कें, हवाई अड्डे, बंदरगाह और लॉजिस्टिक कॉरिडोर जैसे बुनियादी ढांचों में निवेश तेजी से हो रहा है। एक कुशल परिवहन नेटवर्क आपूर्ति शृंखलाओं को मजबूत करेगा और घरेलू अर्थव्यवस्था के विस्तार में मदद करेगा।

भारत को दुनिया एक उभरती हुई आर्थिक शक्ति के रूप में देख रही है। 2047 में अपनी आजादी के 100 साल पूरा करने पर देश एक समृद्ध राष्ट्र बन सकता है। यह दावा वाशिंगटन एक्सामिनर की एक रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार पिछले दो दशक में भारत ने मजबूत आर्थिक वृद्धि दर्ज की है।

2003 से अब तक भारतीय अर्थव्यवस्था ने औसतन 7 फीसदी से अधिक वार्षिक वृद्धि दर हासिल की है। अगर यह आर्थिक गति अगले 20 साल तक बनी रहती है तो भारत उच्च-आय श्रेणी को पार कर सकता है। 2025 की कीमतों पर प्रति व्यक्ति जीडीपी 15,000 डॉलर के पार निकल सकती है। लगातार इस स्तर पर वृद्धि करने से भारत मध्य-आय के जाल यानी मध्य आय वर्ग से बाहर निकलने में सफल हो सकता है। ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और तुर्की जैसी विकासशील अर्थव्यवस्थाएं इस जाल में उलझकर रह गई हैं।

**भारत की वृद्धि के प्रमुख कारण-** भारत की आर्थिक संभावनाओं को कई सकारात्मक बातों से समर्थन मिल रहा है। इसमें सरकार की प्रगतिशील नीतियां, जनसांख्यिकीय ताकत और बढ़ता हुआ तकनीकी आधार है। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी युवा आबादी है। इसकी औसत आयु लगभग 28 साल है। यह अमेरिका और चीन के मुकाबले काफी कम है। आने वाले दशक में बड़ी संख्या में युवा श्रम बाजार में प्रवेश करेंगे। इससे उत्पादकता में वृद्धि होगी और उपभोक्ता मांग बढ़ेगी। यह जनसांख्यिकीय प्रवृत्ति घरेलू बाजार को मजबूत करेगी और भारत को निर्यात पर कम निर्भर रहना पड़ेगा।



### बुनियादी ढांचे में निवेश

भारत के नीति निमार्ता उत्पादकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। सड़कें, हवाई अड्डे, बंदरगाह और लॉजिस्टिक कॉरिडोर जैसे बुनियादी ढांचों में निवेश तेजी से हो रहा है। एक कुशल परिवहन नेटवर्क आपूर्ति शृंखलाओं को मजबूत करेगा और घरेलू अर्थव्यवस्था के विस्तार में मदद करेगा। रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में बदलाव भी भारत के पक्ष में जा रहा है। अमेरिकी कंपनियां चीन से अपना कारोबार बाहर निकाल रही हैं। एपल जैसी बड़ी कंपनियां भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ा रही हैं। इससे पूंजी और तकनीक के साथ विशेषज्ञता भारत में आ रही है। ये उत्पादकता और नवाचार को बढ़ा सकती है। भारत का डिजिटल बुनियादी ढांचा भी इसकी वृद्धि में अहम भूमिका निभा रहा है। नागरिक पहचान प्रणालियां, मोबाइल भुगतान और ऑनलाइन सार्वजनिक सेवाएं लाखों लोगों को अर्थव्यवस्था से जोड़ने में मदद कर रही हैं। यह डिजिटल दक्षता को बढ़ा रहा है। कर राजस्व में सुधार हो रहा है और छोटे व्यवसायों को फंडिंग मजबूत हो रही है।

## टेस्ला का भारत में बड़ा प्लान

# एलन मस्क देश के एनर्जी स्टोरेज सेक्टर में उतरने की कर रहे तैयारी?

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

टेस्ला अपनी वेबसाइट पर दिए गए एक जॉब विज्ञापन के अनुसार, भारत के इंडस्ट्रियल एनर्जी स्टोरेज मार्केट में उतरने की तैयारी कर रही है। इससे उसका मुकाबला मुकेश अंबानी और गौतम अडानी द्वारा नियंत्रित कंपनियों से होगा, जो इस सेक्टर में अपना निवेश बढ़ा रहे हैं, क्योंकि पावर ग्रिड अब क्लीन एनर्जी की ओर बढ़ रहा है।

(टेस्ला) अब भारत में अपने कारोबार को सिर्फ इलेक्ट्रिक कारों तक सीमित नहीं रखना चाहती। कंपनी देश के इंडस्ट्रियल एनर्जी स्टोरेज सेक्टर में एंट्री की तैयारी कर रही है। इस बात का संकेत टेस्ला की वेबसाइट पर जारी एक जॉब पोस्टिंग से मिला है। जिसमें भारत में इस सेगमेंट के विस्तार के लिए भर्ती की बात कही गई है।

टेस्ला भारत में बड़े स्तर पर ऊर्जा भंडारण (एनर्जी स्टोरेज) समाधान लाने की योजना बना रही है।

जॉब पोस्टिंग के अनुसारः कंपनी बिजनेस डेवलपमेंट लीड की तलाश में है। यह भूमिका भारत में इंडस्ट्रियल और यूटिलिटी-स्केल एनर्जी स्टोरेज बिजनेस को स्थापित करेगी। इसका मकसद भारत में मार्केट एंट्री और विस्तार की रणनीति तैयार करना है। हालांकि, कंपनी ने अभी आधिकारिक रूप से इस योजना की विस्तृत जानकारी साझा नहीं की है। हां, टेस्ला पहले से ही वैश्विक स्तर पर एनर्जी स्टोरेज बिजनेस चला रही है। कंपनी का मेगापैक्स सिस्टम बड़े पैमाने पर ऊर्जा स्टोरेज के लिए इस्तेमाल होता है।

यह सिस्टम पावर ग्रिड और इंडस्ट्रियल यूजर्स के लिए डिजाइन किया गया है। अब इसी अनुभव को टेस्ला भारत में भी लाने की तैयारी कर रही है। भारत के एनर्जी स्टोरेज सेक्टर में पहले से ही बड़े खिलाड़ी सक्रिय हैं। दोनों समूह इस क्षेत्र में बड़े निवेश कर रहे हैं। ऐसे में टेस्ला की एंट्री से प्रतिस्पर्धा और तेज हो सकती है। यहीं पर एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की अहम भूमिका आती है। क्या सरकार इस सेक्टर को बढ़ावा दे रही है? हां, सरकार इस क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के लिए कई कदम उठा रही है।

## बंगाली हिंदुओं पर हुआ अत्याचार युद्ध अपराध घोषित हो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिकी सांसद ग्रेग लैंड्समैन ने शनिवार को प्रतिनिधि सभा में प्रस्ताव पेश किया है, जिसमें मांग की गयी है कि पाक सेना और जमात-ए-इस्लामी द्वारा 25 मार्च 1971 को बंगाली हिंदुओं के खिलाफ किए गए अत्याचारों को युद्ध अपराध और नरसंहार घोषित किया जाए। ओहायो से डेमोक्रेट सांसद लैंड्समैन ने यह प्रस्ताव पेश किया, जिसे अब विदेश मामलों की समिति को भेज दिया गया है। प्रस्ताव में कहा गया है कि 25 मार्च 1971 की रात पाकिस्तान सरकार ने शेख मुजीबुर रहमान को गिरफ्तार कर लिया और उसकी सेना ने जमात-ए-इस्लामी की विचारधारा से प्रेरित उग्र इस्लामी समूहों के साथ मिलकर पूर्वी पाकिस्तान में ऑपरेशन सर्चलाइट नाम से एक व्यापक दमन अभियान शुरू किया, जिसमें नागरिकों का बड़े पैमाने पर नरसंहार किया गया। इसमें यह भी कहा गया है कि 28 मार्च 1971 को ढाका में अमेरिका के महावाणिज्य दूत आर्चर ब्लड ने वाशिंगटन को चुनिंदा नरसंहार शीर्षक से एक टेलीग्राम भेजा था, जिसमें उन्होंने लिखा था, पाकिस्तान सेना के समर्थन से गैर-बंगाली मुसलमान गरीब बस्तियों पर संगठित हमले कर रहे हैं और बंगालियों तथा हिंदुओं की हत्या कर रहे हैं।

लैंड्समैन ने बताया कि छह अप्रैल 1971 को आर्चर ब्लड ने अमेरिकी सरकार की चुप्पी पर आपत्ति जताते हुए एक संदेश भेजा था, जिस पर ढाका वाणिज्य दूतावास के 20 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए थे। इसे बाद में ब्लड टेलीग्राम के नाम से जाना गया।

### पाक सेना ने महिलाओं का यौन शोषण किया

प्रस्ताव में कहा गया है कि पाकिस्तानी सेना और उसके इस्लामी सहयोगियों ने धर्म और लिंग की परवाह किए बिना बंगालियों की हत्या की, उनके नेताओं, बुद्धिजीवियों और छात्रों को मार डाला और हजारों महिलाओं को यौन दासता के लिए मजबूर किया। विशेष रूप से धार्मिक अल्पसंख्यक हिंदुओं को निशाना बनाया, जिनके खिलाफ सामूहिक हत्याएं, सामूहिक दुष्कर्म, जबरन धर्मांतरण और जबरन निष्कासन जैसी घटनाओं को अंजाम दिया गया।

पर्वतीय विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय केंद्र ने पेश की रिपोर्ट

# हिंदूकुश के पहाड़ों पर तेजी से पिघल रही बर्फ



ब्रह्मास्त्र ▸▸ काठमांडू

हिंदूकुश हिमालय (दुनिया का थर्ड पोल) इस समय जलवायु परिवर्तन का गंभीर असर झेल रहा है। यहां के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे पानी और पर्यावरण पर खतरा बढ़ रहा है।

हाल ही में इस संबंध में पर्वतीय विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय केंद्र (आईसीआईएमओडी) ने एक रिपोर्ट पेश की है। इसके अनुसार, साल 2000 के बाद से यहां ग्लेशियर पिघलने की रफ्तार दोगुनी हो गई है। इसका मतलब है कि जिस बर्फ को पिघलने में सदियां लगनी थीं, वह अब चंद दशकों में पानी बनकर बह रही है।

यह केवल पहाड़ों की बर्फ पिघलने का मामला नहीं है। हिंदूकुश हिमालय का यह क्षेत्र एशिया की दस सबसे बड़ी नदियों का स्त्रोत है, जिनमें गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी नदियां शामिल हैं। इनके भरोसे दुनिया की एक-चौथाई आबादी टिकी हुई है। अगर ग्लेशियर खत्म हुए तो खेती और



पनबिजली परियोजनाएं भी ठप हो जाएंगी।

### बाढ़ और तबाही का नया रूप

ग्लेशियर पिघलने से पहाड़ों के बीच बड़ी-बड़ी झीलें बन रही हैं। जब इन झीलों में पानी का दबाव बढ़ जाता है, तो ये अचानक फट जाती हैं, जिसे ह्मग्लेशियर लेक आउटबर्स्ट फ्लड कहा जाता है। इसके कारण बाढ़ और भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है। ऊंचे पहाड़ों पर रहने वाले लोगों के लिए अब हर मानसून नई चुनौती लेकर आता है।

हिमालय हमारे ग्रह का वॉटर टॉवर है। यदि यह खाली हो गया, तो इसका असर पूरे एशिया की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण बिखर जाएगा। अब यह समस्या भविष्य की नहीं बल्कि आज की है। रिपोर्ट में दुनिया भर की सरकारों से सख्त कदम उठाने की अपील की गई है।

## जम्मू यूनिवर्सिटी में जिन्ना से जुड़े टॉपिक्स हटाने की सिफारिश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

जम्मू यूनिवर्सिटी में एमए पॉलिटिकल साइंस के सिलेबस से मोहम्मद अली जिन्ना, सर सैयद अहमद खान और मोहम्मद इकबाल से जुड़े टॉपिक्स हटाने की सिफारिश की गई है। यह सिफारिश विभागीय मामलों की समिति ने की है। अब इस पर अंतिम फैसला 24 मार्च को बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में होगा। उधर, कांग्रेस का कहना है कि सिलेबस को लेकर विवाद जानबूझकर खड़ा किया जा रहा है। पॉलिटिकल साइंस के सिलेबस में माइनॉरिटीज एंड द नेशन पेपर के तहत जिन्ना के राजनीतिक विचार शामिल किए गए थे, जिसके बाद विवाद शुरू हुआ।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शनिवार को यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन कर इन टॉपिक्स को हटाने की मांग की थी। संगठन ने कहा कि अकादमिक स्वतंत्रता के नाम पर राष्ट्रीय भावनाओं और ऐतिहासिक तथ्यों की अनदेखी नहीं हो सकती। जम्मू-कश्मीर राज्य सचिव सन्नक श्रीवत्स ने बताया कि पहले जिन्ना का जिक्र टू-नेशन थ्योरी के संदर्भ में होता था, जहां उन्हें विभाजन की सोच से जोड़ा जाता था। अब संशोधित सिलेबस में उन्हें माइनॉरिटीज एंड द नेशन के तहत अल्पसंख्यकों के नेता के रूप में पेश किया गया है, जिस पर आपत्ति जताई जा रही है।

जाहिर-सुचना

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार विरेन्द्र आंजना पिता रामचन्द्र जाति आंजना निवासी 114 ग्राम चोरडिया महु जिला इन्दौर म.प्र. द्वारा ग्राम गुरला तहसील उन्हेल जिला उज्जैन में स्थित सर्वे नंबर 306 रकबा 0.42 हेक्टर, सर्वे नंबर 959 रकबा 1.02 हेक्टर, सर्वे नंबर 960 रकबा 1.02 हेक्टर, कुल किता 03 कुल रकबा 2.46 हेक्टर स्वामित्व, आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम गुरला तहसील उन्हेल जिला उज्जैन में स्थित होकर उक्त सर्वे नम्बर गोर्वधन, अशोक, चेतन, मोहन पुत्रगण पुनमचन्द व हेमकुंवर पुत्री पुनमचन्द जातिगण कुलमी निवासी ग्राम सुवासा तहसील बड़नगर व कृषक ग्राम गुरला तहसील उन्हेल जिला उज्जैन से मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि सर्वे नंबर 306 रकबा 0.42 हेक्टर, सर्वे नंबर 959 रकबा 1.02 हेक्टर, सर्वे नंबर 960 रकबा 1.02 हेक्टर, कुल किता 03 कुल रकबा 2. 46 हेकटर हिस्सा मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया गया है। मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेतागण को उसके वारिसानों के समक्ष बयाना भी अदाकर दिया है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त आराजी का विधिवत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र ईपंजीयन के माध्यम से उपरोक्त वर्णित व्यक्ति से निष्पादित किया जाना है यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि (संपत्ति) में किसी अन्य व्यक्ति संस्था, बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक व अन्य संस्था व्यक्ति का ऋण स्वत्व हो या अन्य कोई अधिकार हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन के 7 दिन की अवधि में मय दस्तावेज प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा सुचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत ईपंजीयन विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेंगा व उसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सुचित हो। दिनांक 23.03.2026

मदनलाल मौर्य एडव्होकेट
आफिस श्रीराम कृपा बेडावन रोड़ उन्हैल
तहसील नागदा जिला उज्जैन मो.
7000851976,9893176796

केंद्र सरकार सेनाओं के एकीकरण की दिशा में कर रही कार्य

# तीनों सेनाओं के संचालन को एक कानून बनेगा

### भविष्य में युद्ध की चुनौतियों से निपटने के लिए कवायद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भविष्य के युद्ध की चुनौतियों को देखते हुए केंद्र सरकार तीनों सेनाओं के एकीकरण की दिशा में कार्य कर रही है। इस दिशा में कुछ कदम तत्काल उठाए जा चुके हैं। लेकिन, यह लंबी चलने वाली प्रक्रिया है, इसलिए कई भावी योजनाएं भी तैयार की जा रही हैं। इस दिशा में तीनों सेनाओं के संचालन के लिए एक साझा कानून बनाने का भी प्रस्ताव है।

रक्षा मंत्रालय ने रक्षा बलों के लिए विजन 2047 तैयार किया है, जिसमें सेनाओं के एकीकरण को भी व्यापक बनाने की बात कही गई है। इसमें कहा गया है कि तीनों सेनाओं के संचालन, सेवा शर्तों, अनुशासन को एक समान बनाने के लिए एक साझा डिफेंस फोर्सेज एक्ट लाया जाएगा। मौजूदा समय में तीन अलग-अलग कानूनों के जरिये तीनों सेनाओं का संचालन होता है। इनमें सेना एक्ट 1950, एयरफोर्स एक्ट 1950 और नौसेना एक्ट 1957 शामिल हैं। इसके अलावा कई और कानून भी हैं, जिनमें सेनाओं को अलग-अलग अधिकार दिए गए हैं या छूट प्रदान की गई है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि तीनों सेनाओं के संचालन के लिए एक साझा कानून से एकीकरण की कानूनी अड़चने खत्म हो जाएंगे। दूसरे, कुछ समय पूर्व भी सरकार तीनों सेनाओं के एकीकरण के लिए एक कानून लेकर आई थी, लेकिन उसके बावजूद ये अड़चनें कायम हैं। अंतरसेवा संगठन (कमांड, नियंत्रण एवं अनुशासन) अधिनियम 2023 में पारित किया गया था और इसके प्रावधान अब लागू भी हो चुके हैं। लेकिन, यह कानून तीनों सेनाओं में समन्वय का कार्य तो करता है, लेकिन उन्हें पूरी तरह से एक समान नियमों के अधीन नहीं ला पाया है। इसलिए, अब सरकार तीन कानूनों को खत्म कर एक साझा कानून के प्रस्ताव पर विचार कर रही है।



### एचएएल कानपुर बनाएगा आठ और डोर्नियर विमान

कानपुर। हाईटेक सुविधाओं वाले डोर्नियर विमानों को विकसित करना और पुराने विमानों को नए फीचर्स बढ़ाकर लैस करने में कानपुर एचएएल (हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड) ने महारत हासिल की है। गुयाना को दो विमान निर्यात करने और भारतीय तटरक्षक बल को 19 विमानों की आपूर्ति के बाद मंत्रालय ने एचएएल के साथ नया समझौता किया है। हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की कानपुर स्थित टीएडी डिवीजन के साथ रक्षा मंत्रालय ने आठ नए डोर्नियर विमान बनाने का करार किया है। यह करार रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में एचएएल कानपुर के जीएम और रक्षा मंत्रालय के जेएसएएम के बीच पिछले माह हुआ। डेढ़ महीने पहले दो डोर्नियर डीओ-228 भारतीय तटरक्षक बल को दे भी दिए गए हैं। एचएएल 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री इस्तेमाल कर इन विमानों को बना रहा है। आधुनिक सेंसर, ग्लाल कॉकपिट और डबल टर्बो इंजन से लैस इन डोर्नियर विमानों को खरीदने की कई देशों ने भी इच्छा जताई है। मिड लाइन एडवांस डोर्नियर विमानों की क्षमता को एचएएल ने और भी अधिक बढ़ा दिया है। भारतीय तटरक्षक बल का डोर्नियर बेड़ा अब अवैध मछली पकड़ने, तस्करी, समुद्री डकैती और संभावित घुसपैठ को नाकाम कर उन्हें खदेड़ने में सक्षम है।

### नए कानून से वेतन-भत्तों में भी एकरूपता आएगी

हालांकि, नए कानून का खाका अभी तैयार नहीं हुआ है, लेकिन इससे तीनों सेनाओं में कामकाज, सेवा शर्तों, वेतन-भत्तों और नियंत्रण एवं संचालन के नियमों में एकरूपता आएगी तथा किसी भी बल का अधिकारी किसी भी दूसरे बल का संचालन करने में पूरी तरह से सक्षम हो जाएगा।

### प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने घटनास्थल का दौरा किया

# अराद और दिमोना शहर पर तेहरान के मिसाइल हमले में 180 से ज्यादा घायल

## ईरान ने सुरक्षा घेरा भेद इजरायल में कहर बरपाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव/अराद

इजरायल के दक्षिणी शहरों अराद और दिमोना पर कथित ईरानी मिसाइल हमलों में 180 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। इजरायली सेना ने बताया कि वह इस बात की जांच कर रहा है कि ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल को रोका क्यों नहीं जा सका।

इजरायली सेना के अनुसार वायु रक्षा प्रणाली ने मिसाइल को रोकने की कोशिश की, लेकिन इंटरसेप्टर उसे मार गिराने में सफल नहीं हो सके। उसने कहा कि इस घटना की जांच की जाएगी। सेना ने बताया कि वह इस बात की जांच कर रहा है कि ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल को रोका क्यों नहीं जा सका। उधर, बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को अराद के मेयर यायर माआयान से बात कर घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की। हमले के बाद नेतन्याहू ने घटनास्थल का दौरा किया।

इजरायल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरानी शासन ने अराद और दिमोना में नागरिकों को निशाना बनाकर तबाही मचाई है। 100 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। यह युद्ध अपराध और आतंकवाद है। मेयर यायर माआयान के अनुसार हमले के बाद प्रभावित इलाके से 150 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। इजरायली सेना के अनुसार वायु रक्षा प्रणाली ने मिसाइल को रोकने की कोशिश की, लेकिन इंटरसेप्टर उसे मार गिराने में सफल नहीं हो सके।

वहीं, ईरान ने कहा कि उसने दिमोना को नतांज परमाणु संवर्धन केंद्र पर पहले हुए हमले के जवाब में निशाना बनाया। हालांकि, इजरायली सेना ने इस बात से पूरी तरह इनकार किया है।


यह युद्ध अपराधः इजरायली विदेश इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सआर ने रविवार को ईरान पर जान-बूझकर आम नागरिक इलाकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया।

### इजरायल का आसमान अब सुरक्षित नहीं

ईरानी संसद के स्पीकर एमबी गालिबफ ने कहा कि इजरायल का आसमान सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा अगर इजरायली शासन अत्यधिक सुरक्षित दिमोना इलाके में मिसाइलों को रोकने में नाकाम रहता है, तो यह अभियान के लिहाज से लड़ाई के एक नए दौर में दाखिल होने का संकेत है।

### दिमोना लिटिल इंडिया

दिमोना में बड़ी भारतीय-यहूदी आबादी रहती है, जिनमें अधिकांश महाराष्ट्र से हैं और भारत से उनके मजबूत संबंध हैं। इसलिए इस शहर को ह्यलिटिल इंडियाह्न कहा जाता है। यहां भारतीय दुकानों की भरमार है और हर जगह मराठी भाषा सुनाई देती है। भारतीय मूल के करीब 7,500 लोग यहां रहते हैं, जो शहर की आबादी का 30% हैं।



### सीआईए और मोसाद ईरान के सर्वोच्च नेता की तलाश में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन



अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए और इजरायल की मोसाद ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई का पता लगाने की कोशिश कर रही हैं।

शनिवार को भी नवरोज के मौके पर वे इस बात का इंतजार कर रही थीं कि क्या ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई पिता की परंपरा को निभाते हुए नए साल पर राष्ट्र को संबोधित करेंगे। लेकिन मोजतबा की ओर से केवल एक लिखित बयान आया, जिससे उनके स्वास्थ्य और ठिकाने को लेकर रहस्य और गहरा गया है। अपने पिता, पत्नी और बेटे की मौत के बाद से मोजतबा को सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है।

संदेह गहराया : रिपोर्ट के अनुसार, खुफिया एजेंसियों के पास मोजतबा के जीवित होने के कुछ सबूत तो हैं (जैसे ईरानी अधिकारियों का उनसे मिलने का समय मांगना), लेकिन इस बात का कोई पुख्ता प्रमाण नहीं है कि वह वास्तव में आदेश दे रहे हैं।

### अमेरिका बोला, ईरान की किलेबंदी को तबाह करेंगे

वाशिंगटन, एजेंसी। ईरान के साथ युद्ध के बीच अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के बयान से संकेत मिलते हैं कि अमेरिका इस युद्ध से पीछे नहीं हटेगा। बेसेंट ने रविवार को कहा कि ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमले होर्मुज जलडमरूमध्य पर उसकी किलेबंदी को तबाह करना है। ट्रंप अमेरिका के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए जो भी कदम उठाने जरूरी होंगे, उठाएंगे। बेसेंट ने रविवार को एनबीसी के ह्यमीट द प्रेसह्न कार्यक्रम में कहा कि इन लक्ष्यों में ईरान की वायुसेना और नौसेना को नष्ट करना, उसे परमाणु हथियार बनाने से रोकना और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शक्ति प्रदर्शन करने की उसकी क्षमता को खत्म करना शामिल है। बेसेंट ने कहा, होर्मुज के किनारे ईरानी किलेबंदी को कमजोर करने के लिए सैन्य संपत्तियों का उपयोग करने का अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक वे पूरी तरह से ध्वस्त नहीं हो जाते।

युद्ध के चौथे सप्ताह में कच्चे तेल की ऊंची कीमतें अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रही हैं। अमेरिका में नियमित गैसोलीन की औसत कीमत एक महीने पहले की तुलना में 34% अधिक है। यूनाइटेड एयरलाइंस के सीईओ ने चेतावनी दी है कि तेल कीमतें 175 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती हैं।

# हिजबुल्लाह के ठिकानों पर इजरायल की भारी बमबारी

### इजरायली सेना ने लेबनान में रविवार को लिटानी नदी पर बना पुल उड़ा दिया।

ब्रह्मास्त्र ▸▸ यरूशलम

इजरायल ने रविवार को दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिए हैं। सेना ने लिटानी नदी पर बने अल-कासिमिया पुल को उड़ा दिया।

यह कदम तब उठाया गया, जब सेना को लिटानी नदी के पार ईरान-समर्थित इस उग्रवादी समूह द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले पुलों को नष्ट करने का आदेश दिया गया था। इजरायली सेना ने कहा,दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह आतंकवादी संगठन के बुनियादी ढांचे के खिलाफ हमले शुरू कर दिए हैं।

ईरान ने रविवार को कहा कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 48 घंटों के भीतर ईरान के बिजली ग्रिड पर हमला करने की अपनी धमकी को अंजाम देते हैं, तो वह जवाबी कार्रवाई में होर्मुज को पूरी तरह बंद कर देगा। इसके अलावा ईरान, खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी बुनियादी ढांचे को भी निशाना बनाएगा। इस धमकी के बाद पिछले तीन हफ्ते से चल रहे इस युद्ध के और अधिक भड़कने की आशंका पैदा हो गई है। नागरिक बुनियादी ढांचे पर 'जैसे को तैसा' वाली शैली में होने वाले हमलों की आशंका से क्षेत्रीय संकट और गहरा सकता है। आशंका है कि सोमवार सुबह जब दुनियाभर के शेयर बाजार खुलेंगे, तो भारी उथल-पुथल मच सकती है। बतादें कि ट्रंप ने रविवार को कहा था कि अगर ईरान ने 48 घंटों में होर्मुज को नहीं खोला तो ईरान के बिजली संयंत्रों को पूरी तरह तबाह कर देंगे। आईजी मार्केट विश्लेषक टोनी साइकैमोर ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप की धमकी ने अब बाजारों पर 48 घंटे की अनिश्चितता का टिक टिक करता हुआ टाइम बम रख दिया है।

# एयरलाइन कंपनियों के 4.4 लाख करोड़ डूबे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

मध्य-पूर्व के युद्ध ने विमानन क्षेत्र को एक नए और गहरे संकट में धकेल दिया है। अधिकारियों और विशेषज्ञों का मानना है कि यह इंडस्ट्री के लिए सबसे बड़ी उथल-पुथल है। पिछले चार हफ्तों में दुनिया की 20 सबसे बड़ी एयरलाइंसों की मार्केट वैल्यू में लगभग 53 बिलियन डॉलर (करीब 4.4 लाख करोड़ रुपये) की भारी गिरावट आई है।

क्यों बढ़ रही हैं मुश्किलें : एयरलाइन के कुल खर्च का एक तिहाई हिस्सा जेट फ्यूल (विमान ईंधन) पर होता है। अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर हमलों के बाद ईंधन की कीमतें दोगुनी हो गई हैं। युद्ध के कारण खाड़ी देशों के ऊपर से उड़ना खतरनाक हो गया है। कई मुख्य हवाई अड्डों पर काम रुक गया है, जिससे उड़ानों के रूट लंबे हो गए हैं और लागत बढ़ गई है। एयर फ्रांस-केएलएम जैसी बड़ी कंपनियां अब इमरजेंसी प्लान बना रही हैं, क्योंकि सप्लाई चेन टूटने से ईंधन की कमी का खतरा मंडरा रहा है।



जेब पर क्या होगा असर : एयरलाइनों के पास बढ़ते खर्च का बोझ यात्रियों पर डालने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। लुफ्थांसा जैसी एयरलाइनों का कहना है कि वे प्रति यात्री बहुत कम मुनाफा कमाती हैं, इसलिए ईंधन की बढ़ी हुई कीमतों का बोझ उन्हें किराए के रूप में वसूलना ही होगा।

मध्य पूर्व में जारी जंग अब अमेरिका के लिए बेहद महंगी साबित हो रही है। अमेरिकी थिंक टैंक सीएसआईएस की रिपोर्ट के अनुसार, युद्ध के शुरुआती दो हफ्तों में ही ईरानी हवाई हमलों ने अमेरिकी सैन्य संपत्तियों को 800 मिलियन डॉलर (लगभग 6,700 करोड़ रुपये) का नुकसान पहुंचाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान का मुख्य निशाना अमेरिका के आधुनिक एयर डिफेंस और सैटेलाइट सिस्टम रहे हैं। इसमें जॉर्डन में स्थित एक अमेरिकी बेस पर लगे थाड (टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस) सिस्टम का रडार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, अकेले इस रडार सिस्टम की कीमत लगभग 485 मिलियन डॉलर (करीब 4,000 करोड़ रुपये) है। इस नुकसान की भरपाई के लिए अमेरिका को दक्षिण कोरिया से थाड के पुर्जे मंगाकर मिडिल ईस्ट में तैनात करने पड़े हैं। सैटेलाइट इमेज के विश्लेषण से पता चलता है कि ईरान ने कम से कम तीन बड़े एयरबेस पर एक से ज्यादा बार हमले किए हैं।


समुद्री रास्तों में रुकावट के कारण अब ज्यादा सामान हवाई जहाजों से भेजा जा रहा है। इसका नतीजा यह है कि हवाई अड्डों पर क्षमता से ज्यादा माल जमा हो गया है। मिसाल के तौर पर, जिनेवा हवाई अड्डे पर इतना दबाव है कि वहां के माल को अब ट्रकों के जरिए पेरिस भेजा जा रहा है। एमिरेट्स, एतिहाद और कतर एयरवेज जैसी दिग्गज कंपनियां इस युद्ध के केंद्र में हैं। पर्यटकों की कमी और हवाई क्षेत्र बंद होने से इन्हें भारी नुकसान हो रहा है।


### ट्रंप से कई बार की बातचीत : मार्क रुटे

**दुबई।** नाटो के महासचिव मार्क रुटे ने रविवार को स्वीकार किया कि होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए सहयोगियों को शामिल करने के अपने प्रयास के दौरान ट्रंप अन्य देशों से नाराज रहे हैं।

लेकिन रुटे ने इस बात पर जोर दिया कि अब 20 से अधिक देश उनके विजन को लागू करने के लिए एक साथ आ रहे हैं। रुटे ने कहा कि उन्होंने इस सप्ताह ट्रंप से कई बार बात की है। ईरान में अमेरिका की सैन्य कार्रवाई अहम है, क्योंकि ईरान के परमाणु कार्यक्रम दुनिया के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इन एयरलाइंसों को डूबने से बचाने के लिए उनकी सरकारों को भारी आर्थिक मदद देनी पड़ सकती है। पिछले चार हफ्तों में दुनिया की 20 सबसे बड़ी एयरलाइंसों की मार्केट वैल्यू में लगभग 53 बिलियन डॉलर की भारी गिरावट दर्ज की गई

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |


## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**
1. साले की पत्नी-4
3. उच्च कुल का-3
5. पाताल-4
8. व्यंग्य, चुटीली बात-2
10. दुख, कष्ट-2
11. शराब का प्याला-2
13. सत्य, तेज-2
14. जुड़वा-3
15. विश्राम, राहत-3
17. मक्का-मदीना की यात्रा-2
19. झुका हुआ-2
21. होठ, अधर-2
23. सुरक्षित-4
25. नाश, विनाश, विध्वंस-3
26. निश्चित-4

**ऊपर से नीचे**
1. नदी-3
2. संपत्ति, धन-2
3. वंश, खानदान-2
4. उत्तमता, परिष्कृतता-4
6. समुद्र, दरिया-3
7. अंधकार-2
9. जो जायज न हो-4
12. संस्कृत में 'मेरा'-2
13. सपाट-4
16. जांघ-2
17. पैगंबर, महापुरुष-4
18. रनिवास (उर्दू-3)
20. हुनर, फन-2
22. देह, काया-3
23. गलत का विलोम-2
24. निश्चित-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 5 | | 75 | | 65 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 10 | | 25 | | 5 | | 4 | = | 34 |
| | | | | | | | | |
| 25 | | 2 | | 55 | | 14 | = | 64 |
| | | | | | | | | |
| 20 | | 5 | | 3 | | 25 | = | 12 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 35 | | 12 | | 45 | | 30 | = | 105 / 80 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | प | रे | दा | नि | ज | ब | न | र | ट |
| दा | रा | यू | न | आ | ख | वै | द | इ | ह | मे |
| सिं | व | ना | पू | ग | खा | थ | दि | ग | क | सो |
| धु | धी | न | ते | र्व | ज | का | म | क | त | पो |
| घा | त | र | दा | शै | लं | ग | गो | ग | व | ख |
| टी | अ | म | सु | य | अ | पू | ब | रो | र | मि |
| ती | जं | सी | मे | हि | प | नु | श | म | ज | या |
| क | ल | ग | रि | वि | ब | नी | प | ल | न | ण |
| ने | ब | म | य | या | चि | त्या | री | म | प | क |
| ज | ग | त | न | ज | ज | त्र | दा | जी | र्य | त |
| वे | बी | लो | नि | या | ल | ज | र | वा | त | थ |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 7 | | | 5 | |
| 2 | 28 | | 40 | 7 | 35 | |
| | | 5 | 6 | 4 | | 3 |
| 5 | 28 | | 38 | | 34 | 1 |
| 4 | 2 | | | | 1 | 7 |
| | 31 | 2 | 24 | 1 | 30 | |
| 7 | | 1 | 4 | | | 5 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

एक लड़की पडिंत के पास जाकर बोली- पडिंत जी मेरी शादी क्यों नहीं हो रही है?
पडिंत- कैसे होगी पगली, तेरी कुंडली में तो सुख ही सुख लिखा है......

0000

चिंटू अपनी शादी में पंडित जी, दुल्हन के बाईं ओर बैठना है या फिर दाईं ओर?
पंडित- अभी तो कहीं भी बैठ जा, बाद में तो यह तेरे सिर पर ही बैठेगी
पंडित जी की बात सुनकर चिंटू बेहोश.....

0000

कल रात पीने के बाद तो हद ही हो गई यारों होटल समझ कर अदालत में चले गए सामने बैठ जज ने बोला- ऑर्डर.....ऑर्डर
हमने भी बोल दिया- एक चिकन और दो क्वार्टर......

0000

इतिहास के टीचर ने चिंटू से पूछा अकबर का जन्म कब हुआ था?
चिंटू- सर मैं तो स्कूल पढ़ने आता हूं, डिलेवरी थोड़ी कराता हूं
चिंटू का जवाब सुनकर टीचर के होश उड़ गए.....

0000

सुरेश- पत्नी की तबीयत ठीक नहीं है, क्या करूं?
राजू- अगर पत्नी की तबीयत ठीक नहीं हो, तो उसे अस्पताल के बदले साड़ी की दुकान में ले जाएं
फिर भी आराम न आए तो उसे सुनार की दुकान में ले जाएं, तुरंत आराम मिलेगा.....

0000

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# युद्ध के बीच तेल-गैस से ईरान की रिकॉर्ड कमाई

## खार्ग टर्मिनल से सप्लाई जारी; खाड़ी देशों का प्रोडक्शन 70% तक गिरा

**अमेरिका-इजराइल के साथ जंग को ईरान ने एक मौके में बदल दिया है। अमेरिका ने खार्ग आइलैंड के पास सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन ग्लोबल ऑयल संकट के डर से तेल टर्मिनल को सीधे निशाना नहीं बनाया। इसी का फायदा उठाते हुए ईरान ने खार्ग टर्मिनल चालू रखा और घोस्ट फ्लीट के जरिए चीन को सप्लाई जारी रखी है।**

इंटरनेशनलएनर्जी एजेंसी और र&ढ ग्लोबल के मुताबिक, ईरान रोजाना 1.7 से 2 मिलियन (17 से 20 लाख) बैरल तेल एक्सपोर्ट कर रहा है। देश के करीब 90% तेल का एक्सपोर्ट अभी भी खार्ग टर्मिनल से हो रहा है।

साउथ पार्स गैस फील्ड पर हमले से एक्सपोर्ट प्रभावित हुआ, लेकिन गैस सप्लाई पूरी तरह बंद नहीं हुई। रिपोर्ट है कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले विदेशी जहाजों से ईरान करीब 16.5 करोड़ रुपए प्रति जहाज वॉर टैक्स भी वसूल रहा है।

## खाड़ी देशों का प्रोडक्शन 70% तक गिरा

ईरान की होर्मुज स्ट्रेट पर पकड़ और लगातार हमलों के कारण सऊदी अरब, कतर, इराक, कुवैत और यूएई जैसे खाड़ी देशों की सप्लाई प्रभावित हुई है। सुरक्षित समुद्री रास्तों की कमी, बढ़ते हमले और लॉजिस्टिक्स दिक्कतों के चलते इन देशों का कुल उत्पादन 70% तक गिर गया है। मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध का सबसे सीधा असर कच्चे तेल पर पड़ा है। शुक्रवार को ब्रेंट क्रूड 3.26% की उछाल के साथ 112.19 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जो जुलाई 2022 के बाद का सबसे उच्चतम स्तर है। अगर तेल की कीमतें 100 डॉलर के ऊपर बनी रहती हैं, तो इससे भारत में महंगाई बढ़ेगी जो बाजार के लिए अच्छा नहीं है।

## होर्मुज स्ट्रेट बंद करने से इन पांच देशों की सप्लाई पर असर

**सऊदी अरब-** दुनिया का सबसे बड़ा तेल एक्सपोर्टर सऊदी अरब प्रोडक्शन बनाए रखने में संघर्ष कर रहा है। तेल का प्रोडक्शन 1 करोड़ बैरल/दिन से घटकर 80 लाख बैरल/दिन रह गया है ।ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन के जरिए यनबू तक तेल पहुंचाया जा रहा है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से स्टोरेज टैंक भर गए हैं, जिससे अरामको को कई कुएं अस्थायी रूप से बंद करने पड़े।

**कतर-** कतर दुनिया की 20% छठत्रॄ जरूरतें पूरी करता है। अब कतर की रास लफान गैस फैसिलिटी पर हमलों के बाद ह्यफोर्स मेज्योरह्ल लागू किया गया है, यानी सप्लाई की गारंटी नहीं है। देश की एलएनजी एक्सपर्ट क्षमता 17% घट गई है और टैंकर बंदरगाहों पर खड़े हैं, जिससे वैश्विक कीमतों पर दबाव बढ़ रहा है।


**इराक-** इराक में इढ, एठक और टोटल जैसी विदेशी कंपनियों ने स्टाफ वापस बुला लिया है। होर्मुज के रास्ते बंद होने से प्रोडक्शन 43 लाख से गिरकर 13 लाख बैरल/दिन रह गया है। करीब 70% गिरावट आई है। वैकल्पिक पाइपलाइन नहीं होने से स्टोरेज भर गए। स्टोरेज भरने के कारण ह्यवेस्ट कुरनाह्ल और ह्यमजनूनह्ल जैसे बड़े फील्डों में काम रोकना पड़ा।

**कुवैत:** कुवैत पूरी तरह होर्मुज पर निर्भर है। नाकेबंदी और ह्यवॉर टैक्सह्ल के कारण निर्यात लगभग ठप हो गया है। प्रति जहाज 16.5 करोड़ वसूली और इंश्योरेंस संकट से निर्यात लगभग जीरो पर पहुंच गया। कुओं में दबाव बढ़ने से 50% उत्पादन बंद करना पड़ा। बंदरगाहों पर टैंकर खड़े हैं, पर आगे बढ़ने की हिम्मत नहीं।

**अबू धाबी-** अबू धाबी-फुजैराह पाइपलाइन फुल कैपिसिटी से चल रही है, लेकिन कुल डिमांड काफी ज्यादा है। बाकी तेल होर्मुज में फंसा है। ईरानी हमलों के कारण जहाजों का बीमा प्रीमियम 400% तक बढ़ गया है, जिससे व्यापार महंगा हो गया है और फुजैराह पोर्ट पर गतिविधि कम हुई है।


## अमेरिका की ईरानी तेल खरीद पर 30 दिन की छूट

ग्लोबल ऑयल और एनर्जी मार्केट में बढ़ती महंगाई से अमेरिका भी परेशान है। महंगाई काबू करने के लिए उसने 20 मार्च को ईरानी तेल की खरीद पर प्रतिबंधों में 30 दिन की छूट दी है। ये छूट सिर्फ समुद्र में मौजूद ईरानी तेल के टैंकरों की खरीद के लिए है। अमेरिकी ट्रेजरी मिनिस्टर स्कॉट बेसेंट ने इसकी घोषणा की थी। ट्रेजरी विभाग की वेबसाइट के मुताबिक यह छूट 20 मार्च से 19 अप्रैल के लिए है। स्कॉट बेसेंट ने कहा कि दुनिया के लिए इस मौजूदा सप्लाई को अस्थायी रूप से खोलकर ग्लोबल मार्केट में लगभग 14 करोड़ बैरल तेल तेजी से आएगा।




| ऑयल लोडिंग कैपिसिटी | टोटल स्टोरेज कैपिसिटी | यहां से दुनिया का 20% तेल गुजरता है |
|---|---|---|
| रोजाना लगभग 70 लाख बैरल | करीब 3 करोड़ बैरल | होर्मुज स्ट्रेट के पास मौजूद है |

## ईरान जंग के बाद $40 महंगा हुआ क्रूड ऑयल




नोट: 28 फरवरी और 1, 7, 8, 14, 15 मार्च को वीकेंड के कारण क्रूड की ट्रेडिंग बंद थी। सभी कीमतें डॉलर प्रति बैरल में
सोर्स: Oilprice.com

## रिपोर्ट- ईरान से सीजफायर वार्ता करना चाहते हैं ट्रम्प

डोनाल्ड ट्रम्प की टीम ईरान के साथ सीजफायर पर बात करना चाहते हैं। इस काम में ट्रम्प के सलाहकार जेरेड कुशनर और स्टीव विटकॉफ भी लगे हुए हैं। यह जानकारी एक्सियोस न्यूज ने दी है।

हालांकि ईरान ने बातचीत के लिए शर्त रखी है कि पहले जंग रोकी जाए और उसे हुए नुकसान का मुआवजा दिया जाए। ईरान का यह भी कहना है कि भविष्य में उस पर फिर से हमला नहीं होगा, इसकी पक्की गारंटी मिले। दूसरी तरफ, ट्रम्प ने साफ कर दिया है कि वे अभी ईरान की सभी शर्तें मानने के लिए तैयार नहीं हैं, खासकर मुआवजे की मांग को। अमेरिका और ईरान के बीच सीधी बातचीत फिलहाल नहीं हो रही है। लेकिन मिस्त्र, कतर और ब्रिटेन जैसे देश मध्यस्थ का रोल निभा रहे हैं।



अमेरिका चाहता है कि ईरान अपना मिसाइल प्रोग्राम कुछ समय के लिए बंद करे, यूरेनियम एनरिचमेंट रोक दे और अपने परमाणु ठिकानों को भी बंद करे। इसके अलावा, ईरान हिजबुल्लाह और हमास को पैसे देना भी बंद करे।

ईरान के राष्ट्रपति मसूज पजशकियान ने शनिवार को पीएम मोदी से फोन पर बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि इफ्क्ठर को ईरान पर हो रहे हमले रोकने में भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इफ्क्ठर को बिना किसी दबाव के, अपने दम पर काम करना चाहिए और इस मामले में आगे आना चाहिए। ईरान के राष्ट्रपति ने यह भी सुझाव दिया कि मिडिल ईस्ट के देशों को मिलकर एक नया सुरक्षा सिस्टम बनाना चाहिए। इससे इलाके में शांति और स्थिरता बनी रहेगी और बाहर के देशों का दखल कम होगा।

■ वर्ष-12 अंक-138 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 23 मार्च, 2026

## सुभाषितानि

वाणी रसवती यस्य,यस्य श्रमवती क्रिया।
लक्ष्मीः दानवती यस्य,सफलं तस्य जीवितं।।

**भावार्थ** : जिस व्यक्ति की वाणी मधुर होती है, जिसका परिश्रम परिश्रम से भरा होता है, जिसके धन का उपयोग दान में किया जाता है, उसका जीवन सफल होता है।

**प्रियवाक्यप्रदानेन सर्वे तुष्यंति जंतवः।**
**तस्मात तदेव वक्तव्यं वचने का दरिद्रता।।**

**भावार्थ** : जीवन के अच्छे-अच्छे वचनों को बोलकर मधुर वचनों से अपने हो जाने से सभी प्रसन्न होते हैं। इसलिए अच्छे शब्दों से सावधान न रहें।

## सम्पादकीयम्

## एकस्मिन् नाइटक्लबे

गोवा-नगरस्य एकस्मिन् नाइटक्लबे २५ जनाः मृताः; घातकप्रमादस्य उत्तरदायी कः? उत्तरगोवानगरस्य एकस्मिन् नाइटक्लबे अग्निना बहवः जनानां मृत्योः प्रमादस्य परिणामः अस्ति। संकीर्णमार्गाः, नियमानाम् अवहेलना, अवैधनिमार्णं च दुर्घटनायां योगदानं दत्तवन्तः। एतादृशाः घटनाः पर्यटनस्य हानिं कुर्वन्ति। उत्तरगोवानगरस्य एकस्मिन् नाइटक्लबे अग्निना मृत्योः कारणं प्रमादः एव। यदि इदानीं यथा प्रदर्श्यते तथा नियमानाा् प्रवर्तने, प्रवर्तने च प्रयत्नः दर्शितः स्यात् तर्हि एषा दुःखदघटना परिहर्तुं शक्यते स्म। प्रमादस्य सूची : शनिवासरे अर्धरात्रे यदा अग्निः प्रज्वलितः तदा नाइटक्लबः पूर्णतया पूर्णः आसीत्। सप्ताहान्तस्य उत्सवं कर्तुं आगताः जनाः सहसा ज्वालाभिः धूमैः च फसन्ति स्म, अतः एतादृशी अराजकता अभवत् यत बहवः निर्गमनमार्गं विना अवशिष्टाः आसन् यदि कश्चित् प्रमादं सूचीबद्धं करोति तर्हि अत्यन्तं दीर्घं स्यात्। नियमानाम् अवहेलना : नाइटक्लबस्य प्रवेशमार्गः एतावत् संकीर्णः अस्ति यत् अग्निशामकदलस्य वाहनानि ४०० मीर्ट दूरे निरुद्धानि कर्तव्यानि आसन्। अलङ्कारार्थं शुष्कतालपत्राणि प्रयुज्यन्ते स्म, येन अग्निः अधिकं प्रवर्धयति स्म। आपत्कालीननिर्गमस्थानानि जनसङ्ख्यायुक्तेषु स्थानेषु प्रवेशस्थानानां अपेक्षया अधिकं महत्त्वपूर्णाः सन्ति।

### मध्यप्रदेशस्य जबलपुरे एनएसयूआई-कार्यकर्तृभिः

## विभिन्नमागधानां दबावं कर्तुं टाउन हॉलतः कलेक्टरेट् प्रति विरोधयात्रा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

मध्यप्रदेशस्य जबलपुरे एनएसयूआई-कार्यकर्तृभिः विभिन्नमागधानां दबावं कर्तुं टाउनहॉलतः कलेक्टरेट् प्रति विरोधयात्रा कृता। श्रमिकाणां आरोपः अस्ति यत् सम्पूर्णे जबलपुरमण्डले अनेकस्थानेषु भाडेभवनेषु अवैधरूपेण विद्यालयाः संचालिताः सन्ति, येन तत्र अध्ययनं कुर्वतां बालकानां भविष्यं खतरे भवति। एतादृशानां विद्यालयानां पहिचानं कृत्वा तेषां विरुद्धं तत्कालं कार्यवाही करणीयम् इति ते आग्रहं कृतवन्तः। तदतिरिक्तं ते छात्रसङ्घनिर्वाचनानां शीघ्रं संचालनस्य आग्रहं कृतवन्तः, यत् चिरकालात् लम्बितम् अस्ति।

कथ्यते यत् प्रायः २:०० वादने एनएसयूआइ-कर्मचारिणः बहूनां नगरभवनात् प्रस्थिताः, विरोधरूपेण कलेक्टरेट्-नगरं प्रति गच्छन्ति स्म। घड़ीगोपुरस्य (घनतघरस्य) समीपे पुलिसैः बाधाः स्थापयित्वा स्वस्य अग्रिमस्य स्थगितीकरणस्य प्रयासः कृतः; तथापि श्रमिकाः बाधाः भङ्ग्य अग्रे गच्छन्ति स्म। फलतः पुलिसैः जनसमूहं विकीर्णं कृत्वा स्थितिं नियन्त्रणं कर्तुं बलस्य प्रयोगस्य आश्रयः कृतः। अस्मिन् संघर्षे कतिपये श्रमिकाः, पुलिसकर्मचारिणः च लघु-लघु-आघाताः अभवन्। अपि च, तदनन्तरं कोलाहलस्य मध्ये बहवः श्रमिकाः मार्गे पादपरिधानं त्यक्तवन्तः।

श्रमिकाः अपि आरोपं कृतवन्तः यत् सम्प्रति असंख्याकाः व्यक्तिः धोखाधड़ीपूर्णजातिप्रमाणपत्राणाम् आधारेण सर्वकारीयविभागेषु कार्याणि धारयन्ति, एतेषां प्रकरणानाम् अन्वेषणं कृत्वा अपराधिनां विरुद्धं कठोरकार्यवाही करणीयम् इति आग्रहं कृतवन्तः। तदतिरिक्तं रेलमार्गस्य, सरकारीबससेवानां च छात्राणां भाडारियायतस्य, बसस्थानकस्य, रेलस्थानकस्य, महाविद्यालयस्य च समीपे स्थितानां मद्यदुकानानां निष्कासनस्य च आग्रहाः उत्थापिताः एनएसयूआई इत्यनेन शिक्षायाः वर्धमानव्यापारीकरणे अपि प्रश्नः कृतः, विद्यालयैः महाविद्यालयैः च क्रियमाणानां अवैधमौद्रिकनिष्कासनानाम् विरुद्धं कठोरकार्याणि करणीयाः इति प्रतिपादितम्।

घटनायाः विषये सीएसपी सोनू कुर्मी इत्यनेन उक्तं यत् कार्यकर्तारः स्वमाङ्गं प्रस्तुतुं कलक्टरेट्-पर्यन्तं गन्तुं प्रयतन्ते। सः अपि अवदत् यत्, प्रशासनस्य पक्षतः आन्दोलनकारिभिः सह संवादस्य आरम्भस्य प्रयासे उपविभागीयदण्डाधिकारी (एसडीएम) घटनास्थले आहूतः। परन्तु यदा कार्यकर्तारः बलात् अग्रे गन्तुं प्रयतन्ते स्म तदा पुलिस बलस्य प्रयोगं कर्तुं बाध्यः अभवत्। सः अवदत् यत्, अस्मिन् प्रसङ्गे २० तः अधिकाः कार्यकर्तारः गृहीताः।

### यूपी-नगरे दुःखद-दुर्घटना :

## ट्रैक्टर-ट्रॉली-दुर्घटना; ४ युवकाः मृताः, एकः घातितः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ

उत्तरप्रदेशस्य लखनऊ-दिल्ली-राष्ट्रीयराजमार्गे मुरादाबादस्य समीपे रामपुरदिशि गच्छन्ती एकः कारः ट्रैक्टर-ट्रॉली-इत्येतत् दुर्घटनाम् अकरोत्। अस्मिन् प्रसङ्गे चत्वारः जनाः प्राणान् त्यक्तवन्तः। मृतानां सवेर्षां उत्तराखण्डस्य नैनीतालमण्डलस्य निवासी इति परिचयः कृतः अस्ति।

मुन्धापाण्डे-क्षेत्रे मङ्करा-मो-नगरस्य समीपे सोमवासरे मार्चमासस्य प्रातःकाले एकः वेगवान् यानं पुरतः गच्छन्त्याः ट्रैक्टर-ट्रॉली-इष्टकैः भारितस्य-इष्टका-ट्रॉली-इत्यस्य उपरि आघातं कृतवान् टकरावः एतावत् प्रबलः आसीत् यत् यानं सम्पूर्णतया विकृतम् अभवत्। बहुप्रयत्नस्य अनन्तरं पुलिसैः कारस्य अन्तः फसितान् जनान् बहिः आनेतुं समर्थः अभवत्। तदनन्तरं तान् मुन्धापाण्डे सामुदायिकस्वास्थ्यकेन्द्रं (सीएचसी) प्रेषितवन्तः, यत्र वैद्याः कारयाने गच्छन्तीषु पञ्चसु युवकेषु चत्वारः मृताः इति घोषितवन्तः।

एकः युवकः गम्भीररूपेण घातितः अस्ति, सः जिलाचिकित्सालये निर्दिष्टः अस्ति। सीओ (राजमार्ग) राजेश कुमार इत्यनेन उक्तं यत् दुर्घटनायाः पीडिताः दयाल रावत (विमिला परिसर, पालीवाल, नैनीताल निवासी), अनिल नेगी (38), सुन्दर सैनी (42), भुवन भण्डारी (37) च सन्ति-सर्वे हल्द्वानी निवासी। चालकः यशदीपपाण्डेयः (हल्द्वानीनिवासी) गम्भीररूपेण घातितः अस्ति। तदनन्तरं ट्रैक्टरचालकः पलायितवान्। स्रोतः पल्पलिण्डिया इदमपि पठन्तुः।

## बङ्गाल-केरल-देशयोः भाजपा-अभ्यर्थीनां एतस्याः सूचीयाः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

बङ्गाल-केरल-देशयोः भाजपा-अभ्यर्थीनां एतस्याः सूचीयाः प्रकाशनानन्तरं निर्वाचन-प्रतियोगिता अत्यन्तं रोचकतां प्राप्तवती अस्ति। बङ्गदेशे टीएमसी-सङ्घस्य, केरलदेशे वामपक्षस्य विरुद्धं भाजपायाः भयंकरं रणनीतिकं गठनं कृतम् अस्ति। टिकटस्य आवंटने अत्यन्तं बलं दत्तं यत् तत्तत्नेतृणां स्थानीयस्तरस्य जनसहितस्य सशक्तं ठोसं च तृणमूलसंपर्कं भवतु। आगामिषु कतिपयेषु दिनेषु अवशिष्टानां आसनानाम् अभ्यर्थीनां नाम घोषितं भविष्यति इति प्रबलसंभावना अस्ति, तदनन्तरं उभयराज्येषु निर्वाचनसभानां, प्रचारक्रियाकलापस्य च गतिः अधिका तीव्रा भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति। संतोषचेराकुलमः, देवीकुलमतः एस. भाजपायाः विश्वासः वैकोमतः के.अजिथः (एससी), काञ्जीरापल्लीतः अधिवक्ता जार्ज कुरियान्, पी.सी. पूनजरतः जार्जः।

## राशिफल

**मेष** : धन की प्राप्ति होगी। आपको ऑनलाइन भुगतान करते समय सावधान रहना चाहिए। दिन की शुरुआत व्यायाम से करें।

**वृषभ** : आप धन और स्वास्थ्य दोनों के मामले में सफल रहेंगे। आज रोमांस बरकरार रहेगा। तरक्की के मौके मिल सकते हैं।

**मिथुन** : आज स्वास्थ्य और धन दोनों सकारात्मक हैं। लव के मामले में बात करना बहुत महत्वपूर्ण है।

**कर्क** : इससे बाहर आना बहुत जरूरी है। आर्थिक मदद करने के लिए पैसे की आवश्यकता हो सकती है।

**सिंह** : कोई बड़ी आर्थिक समस्या नहीं आएगी। संतुलन बनाए रखें। साथ ही देर रात स्नैक्स वगैरह भी अवॉइड करें।

**कन्या** : आज समृद्धि रहेगी। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों अच्छी स्थिति में रहेंगे।

**तुला** : साथ में ज्यादा टाइम बिताना पसंद करें। उत्पादकता से जुड़ी छोटी-मोटी समस्याएं दिन को प्रभावित कर सकती हैं।

**वृश्चिक** : व्यवसायी कॉन्फिडेंस के साथ कोई नया बिजनेस शुरू कर सकते हैं या व्यवसाय को नए क्षेत्रों में ले जा सकते हैं।

**धनु** : जो नौकरी में आपकी तरक्की में मदद करेंगी। आर्थिक रूप से आप अच्छे रहेंगे। आप असलियत तक पहुच पाएंगे।

**मकर** : आज छोटी-मोटी स्वास्थ्य समस्याएं भी आ सकती हैं। कोई जल्दबाजी नुकसान करा सकती है।

**कुंभ** : टीम के भीतर टकराव से बचें। आज रिश्ते में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**मीन** : जरूरतों को पूरा करने के लिए समृद्धि का उपयोग करना ठीक रहेगा। आज के दिन स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

### ज्योतिष/वास्तु

## चंद्र-गुरु की युति से बनेगा गजकेसरी योग, इन चार राशियों पर बरसेगी धन-समृद्धि

25 मार्च 2026 को चंद्रमा और गुरु मिथुन राशि में आकर युति करेंगे, जो 27 मार्च तक प्रभावी रहेगी। आइए जानते हैं किन राशियों को इस योग का सबसे ज्यादा फायदा मिलने वाला है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ग्रहों की चाल का सीधा असर व्यक्ति के जीवन पर पड़ता है। जब दो महत्वपूर्ण ग्रह एक साथ आते हैं, तो विशेष योग का निर्माण होता है, जो सभी राशियों पर अलग अलग प्रभाव डालता है। ऐसा ही एक खास संयोग मार्च 2026 में बनने जा रहा है। दरअसल, 25 मार्च 2026 को चंद्रमा और गुरु मिथुन राशि में आकर युति करेंगे, जो 27 मार्च तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान गजकेसरी योग का निर्माण होगा, जिसे ज्योतिष में अत्यंत शुभ और फलदायी माना जाता है।



गजकेसरी योग बनने पर कुछ राशियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलते हैं। खासतौर पर चार राशियों के लिए यह समय बेहद लाभकारी साबित हो सकता है। धन, करियर और सम्मान के मामलों में इन लोगों को अच्छे संकेत मिल रहे हैं। आइए जानते हैं किन राशियों को इस योग का सबसे ज्यादा फायदा मिलने वाला है।

**मेष राशि–** मेष राशि के जातकों के लिए यह योग कई रुके हुए कार्यों को पूरा करने में मददगार रहेगा। लंबे समय से अटके काम अब पूरे होने की संभावना है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और निवेश से अच्छा लाभ मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों को कार्यस्थल पर सराहना मिलेगी। आय में वृद्धि हो सकती है। जो लोग विदेश में करियर बनाने का सपना देख रहे हैं, उनके लिए भी अवसर बन सकते हैं।

**मिथुन राशि–** मिथुन राशि के लोगों के लिए यह समय करियर में प्रगति लेकर आ सकता है। प्रमोशन के योग बन रहे हैं और आय के नए रास्ते खुल सकते हैं। गजकेसरी योग के प्रभाव से कमाई में बढ़ोतरी होने की संभावना है। नौकरी बदलने का विचार कर रहे लोगों को नई और बेहतर नौकरी मिल सकती है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी और नया व्यवसाय शुरू करने का भी अच्छा समय है। घर या संपत्ति खरीदने की योजना भी बन सकती है।

**सिंह राशि–** सिंह राशि वालों के लिए यह योग राहत भरा साबित हो सकता है। यदि कोई कानूनी मामला चल रहा है, तो उसमें सफलता मिलने के संकेत हैं। अचानक धन लाभ के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके काम की तारीफ होगी और आपको कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी या प्रोजेक्ट मिल सकता है। खर्चों पर नियंत्रण रहेगा और अधूरे काम पूरे होने लगेंगे।

**धनु राशि–** धनु राशि के जातकों के लिए चंद्र और गुरु की यह युति सफलता के नए द्वार खोल सकती है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और रुका हुआ पैसा वापस मिलने की संभावना है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा और आपके काम की सराहना होगी। निवेश के लिए समय अनुकूल है, जिससे भविष्य में अच्छा लाभ मिल सकता है। वाहन खरीदने की योजना भी साकार हो सकती है।

## खबर एक नजर...

### स्मार्ट पार्किंग में मिले व्यक्ति की रात में मौत

**उज्जैन।** महाकाल स्मार्ट पार्किंग में शनिवार को बीमार हालत में एक व्यक्ति को पुलिस ने उपचार के लिए चरक अस्पताल में भर्ती कराया था। जिसकी रात में मौत हो गई। सूचना मिलने पर महाकाल थाना एसआई पुरुषोत्तम गौतम अस्पताल पहुंचे और मर्ग कायम करने के साथ मृतक का पोस्टमार्टम कराया, एसआई गौतम के अनुसार मृतक लगभग 45 से 48 वर्ष का था। जिसके पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला। उसके हाथ की उंगली में एक अंगूठी थी। हुलिये से भिक्षुक प्रतीत हो रहा था। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव को दफनाया गया है। ऐसे ही अज्ञात व्यक्ति का दूसरा मामला देवासगेट थाना क्षेत्र का होना सामने आया, पुलिस द्वारा बीमार हालत में मिलने पर उसे चरक अस्पताल के डीवीडी वार्ड में भर्ती किया गया था। रविवार दोपहर उक्त व्यक्ति की भी मौत हो गई। पुलिस परिजनों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। पहचान नहीं होने पर सोमवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव दफनाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### स्टार्टर चोरी में नाम बताने पर युवक से मारपीट

**उज्जैन।** महिदपुररोड थाना क्षेत्र के ग्राम ब्राह्मण खेड़ा में रहने वाले नानूराम पिता भेरुलाल मालवीय के साथ गांव में ही रहने वाले तूफान पिता नागुसिंह सोंधिया ने मारपीट कर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी थी। पुलिस ने नानूराम की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की है। नानूराम के अनुसार कुछ दिन पहले गांव में रहने वाले प्रीतमसिंह के खेत से स्टार्टर चोरी हो गया था, जिसके चलते प्रीतम सिंह को तूफान पर चोरी की शंका थी, लेकिन तूफान को आशंका थी कि चोरी में उसका नाम नानूराम द्वारा प्रीतमसिंह को बताया गया है इसी बात को लेकर उसने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार तूफान सोंधिया के हिरासत में आने पर उसे मारपीट में गिरफ्तार किया जाएगा वहीं चोरी के मामले में भी पूछताछ की जाएगी, फिलहाल आरोपी ब्राह्मणखेड़ा से फरार होना सामने आया है

### बाइक के सामने आया कुत्ता, युवक घायल

**उज्जैन।** झारडा थाना क्षेत्र के ग्राम गेलाखेड़ी में रहने वाला शिवनारायण पिता रतनलाल 35 वर्ष बाइक से खरीददारी करने झारडा आया था, जहां से देर शाम वापस घर लौटते समय रास्ते में बाइक के सामने अचानक कुत्ता आ गया, संतुलन बिगड़ने से शिवनारायण गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे ग्रामीणों की मदद से उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां से डॉक्टर ने उज्जैन शासकीय चरक अस्पताल रैफर किया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक स्ट्रीट डॉग की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। स्ट्रीट डॉग लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं वहीं दुर्घटना का कारण भी बन रहे हैं। पूर्व में भी बाइक के सामने स्ट्रीट डॉग आने पर कई लोग घायल हो चुके हैं, लेकिन स्ट्रीट डॉग को पकड़ने का अभियान दिखावा साबित हो रहा है।

### बेटों को बचाने आए पिता को बदमाश ने मारी तलवार

**उज्जैन।** ग्राम अंबोदिया में देशी शराब दुकान के पास कमल पिता जीवनलाल भैरवे के पुत्र चंदन और मोहित अंडे का ठेला लगाते हैं। बीती रात अंडे के ठेले पर क्षेत्र का ही रहने वाला बदमाश जितेंद्र बाथम पहुंचा और चंदन-मोहित से रुपयों की मांग करने लगा। बदमाश का कहना था कि यहां ठेला लगाकर अंडे बेचना है तो रुपए देना होंगे। दोनों भाइयों ने रुपए देने से मना किया तो बदमाश उन्हें तलवार लेकर मरने दौड़ा, दोनों भाइयों ने भाग कर जान बचाई इस दौरान पिता कमल मौके पर आ गया उसने बदमाश को रोकने का प्रयास किया तो बदमाश ने तलवार से हमला कर दिया जान से मारने की धमकी देकर बदमाश भाग निकला। घायल पिता को दोनों बेटे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। मामले में भेरूगढ़ थाना पुलिस द्वारा बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

2 3 6

### मुख्य आरोपित 14 दिन बाद भी गिरफ्त में नहीं आ सके

# साजिश रचने वालों की तलाश में दिल्ली-मुम्बई तक दबिश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चारधाम मंदिर के महामंडलेश्वर को बदनाम करने के साथ ब्लैकमेल करने की साजिश रचने वालों की तलाश में पुलिस टीम दिल्ली-मुम्बई तक दबिश मार चुकी है, बावजूद साजिश के मुख्य आरोपित 14 दिन बाद भी गिरफ्त में नहीं आ सके।

महाकाल थाना पुलिस ने 8 मार्च को बनारस के समरीन स्कूल के पास इंद्रानगर में रहने वाली महिला की शिकायत पर चारधाम मंदिर के महामंडलेश्वर शांतिस्वरूपानंद के खिलाफ शोषण का झूठा प्रकरण दर्ज करने का दबाव बनाने वाले घनश्याम पटेल और मंदाकिनीपुरी के खिलाफ धारा 49, 61 (2), 232 (1), 351 (3), 296 (बी), 3 (5) का प्रकरण दर्ज किया था। मंदाकिनीपुरी की तलाश में गढ़कालिका आश्रम और घनश्याम की तलाश में इंदौर दबिश दी गई थी। लेकिन दोनों फरार होना सामने आये थे। पुलिस ने दोनों की मोबाइल लोकेशन ट्रेस करना शुरू किया था। इस दौरान मंदाकिनीपुरी की लोकेशन दिल्ली और घनश्याम पटेल की मुम्बई होना सामने आई थी। पुलिस की 2 टीमें गिरफ्तारी के लिये दिल्ली-मुम्बई तक पहुंची थी, लेकिन दोनों के मोबाइल स्वीच ऑफ होने पर उनका सुराग नहीं मिल पाया था। एसआई पुरूषोत्तम गौतम के अनुसार दोनों की गिरफ्तारी के प्रयास लगातार जारी है। महामंडलेश्वर शांतिस्वरूपानंद के खिलाफ साजिश रचकर उन्हे बदनाम करने का खुलासा होने पर संत समाज ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर दोनों आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग रखी थी। जिसके बाद से पुलिस दिन-रात दोनों को गिरफ्तार करने के प्रयास में लगी हुई है।



#### ऐसे हुआ था मामले का खुलासा

शिकायत दर्ज कराने वाली बनारस की महिला ने बताया था कि कुछ समय पहले वह क्षिप्रा परिक्रमा और देवदर्शन के लिये उज्जैन आई थी। उस दौरान मंदाकिनीपुरी और घनश्याम पटेल से मुलाकात हुई थी। उस दौरान वह महामंडलेश्वर शांतिस्वरूपानंद के चारधाम मंदिर पर भी जाती थी। इसके चलते दोनों ने महामंडलेश्वर के खिलाफ शोषण का झूठा केस दर्ज कराने का दबाव बनाकर 50 हजार का लालच दिया था। मना करने पर घनश्याम पटेल ने बनारस आकर जान से मारने की धमकी दी और उज्जैन बुलाया। वह दत्तअखाड़ा आश्रम में ठहरी थी। तभी घनश्याम मीडियाकर्मियों को लेकर आया तो झूठा बयान देने का दवाब बनाने लगा। तभी दत्तअखाड़ा आश्रम के संत-महंत आ गये थे और उन्हे पूरा घटनाक्रम बताया। जिसके बाद मामला महाकाल थाने तक पहुंचा था।

# गिरफ्त में आई कातिलाना हमले में शामिल महिला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। अभिभाषक पर हुए कातिलाना हमले में शामिल महिला रविवार को पुलिस की गिरफ्त में आ गई। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। महिला का पति और उसके अन्य साथी की तलाश जारी है। संभावना है कि रात तक महिला का पति भी पुलिस की हिरासत में होगा।

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के ट्रेजर बाजार चौराहा के पास कॉफी क्लब पर गुरूवार रात अभिभाषक यश पिता योगेश भार्गव 27 साल निवासी विश्वविद्यालय मार्ग अपने दोस्त के साथ कॉफी पीने पहुंचा था। यश पर आशीष सारवान, उसकी पत्नी और 8-10 साथियों ने लोहे की रॉड-डंडो से कातिलाना हमला कर दिया था। अभिभाषक के गंभीर घायल होने पर नानाखेड़ा थाना पुलिस द्वारा नामजद आशीष सारवान उसकी पत्नी और अन्यों के खिलाफ धारा 109 (1), 191 (2) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया था। तीन दिनों की तलाश के बाद रविवार को पुलिस ने आशीष की पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि महिला आरोपिया को दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। उसके पति मुख्य आरोपी और उसके साथियों की तलाश जारी है। वहीं सूत्रों के अनुसार रात में पुलिस ने आशीष और उसके एक अन्य साथी को भी हिरासत में ले लिया है। दोनों से पूछताछ कर हमले में शामिल अन्य साथियों की जानकारी जुटाकर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। घटनाक्रम के बाद सामने आया था कि यश का जनवरी माह में कार पार्किंग करने की बात पर आशीष से विवाद हुआ था। उसी विवाद को लेकर गुरूवार रात यश पर हमला किया गया। गंभीर घायल होने पर यश को माधव क्लब के पास निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। अब उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।



# फूल-प्रसाद की दुकान लगाने पर युवक से मारपीट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल घाटी पर फूल-प्रसाद की दुकान लगाने की बात पर रविवार सुबह युवक के साथ 4 से 5 लोगों द्वारा मारपीट की गई। विवाद देख कुछ देर के लिये अफरा-तफरी का माहौल बना। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जा रहा है कि महाकाल घाटी पर संदीप पिता महेश वर्मा फूल-प्रसाद की दुकान लगाता है। शनिवार रात उसकी दुकान लगाने की बात पर दीपक और सागर से कहासुनी हुई थी। उस वक्त मामला निपट गया था, रविवार सुबह संदीप दुकान लगाने पहुंचा तो दीपक और सागर अपने 3-4 साथियों के साथ आये फिर से विवाद शुरू कर दिया। कहासुनी बढ़ने पर सभी ने एकजुट होकर संदीप के साथ लाठी-डंडो से मारपीट कर दी। विवाद होता देख बाहर से आये श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास के दुकानदारों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन संदीप घायल हो चुका था और मारपीट करने वाले भाग निकले थे। संदीप को लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल स्टॉफ ने मारपीट में घायल की सूचना महाकाल थाना पुलिस को दी। विदित हो कि महाकाल मंदिर क्षेत्र में आये दिन फूल-प्रसाद की दुकान लगाने वालो में व्यवसाय की प्रतिस्पर्धा को लेकर विवाद होते है। पूर्व में भी विवाद को लेकर पुलिस ने सख्ती बरतना शुरू किया था, लेकिन कुछ दिनों तक विवाद होना सामने नहीं आये, अब फिर से विवाद की खबरे सामने आने लगी है।

### दुपट्टे के फंदे पर लटका मिला 3 बच्चों का पिता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शराब के नशे में हंगामा करने वाले 3 बच्चों के पिता ने शनिवार-रविवार रात दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। कुछ समय पहले पत्नी उसे छोड़ 3 बच्चों के साथ मायके चली गई थी।

पंवासा थाना प्रधान आरक्षक हरीश चौहान ने बताया कि पंचकुआ शंकरपुर क्षेत्र में रहने वाले जितेन्द्र पिता गेंदालाल 35 साल द्वारा घर में दुपट्टे से फांसी लगाने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। रात में ही शव फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया गया। रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान भाई ने बताया कि जितेन्द्र 2 बेटी और 1 बेटे का पिता था। उसकी शराब की लत के चलते पत्नी बच्चों के साथ काफी समय पहले मायके चली गई थी। जितेन्द्र आये दिन शराब पीकर हंगामा करता रहता था। जिसके चलते परिवार उससे अलग रहने लगा था, वह अकेला रहता था। प्रधान आरक्षक चौहान के अनुसार जितेन्द्र ने शराब के नशे में आत्मघाती कदम उठाया है। पोस्टमार्टम के बाद भाई और परिजन शव अंतिम संस्कार के लिये ले गये है।



### एसपी बोले कर्तव्य के साथ स्वास्थ्य का रखे ध्यान

# महिला पुलिसकर्मियों के आयोजित किया वेलनेस कैंप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महिला पुलिसकर्मियों के सम्मान और उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूता लाने के उद्देश्य से आयोजित विशेष वेलनेस कैंप में एसपी ने कहा कि कर्तव्य की व्यस्तता के बीच स्वयं के स्वास्थ्य का ध्यान रखना आवश्यक है। ताकि ओर अधिक ऊर्जा के साथ आप अपनी सेवाएं दे सके।

पुलिस विभाग में महिला पुलिस अधिकारियों के लिये रविवार को पुलिस लाईन स्थित बैडमिंटन हॉल में विशेष वेलनेस कैंप आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य चुनौतीपूर्ण ड्युटी के साथ बेहतर स्वास्थ्य, मानसिक शांति और सुरक्षा प्रदान करना था। कैंप फेम फिजियों सर्कल और जिला पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में रखा गया था। कैंप में एसपी प्रदीप शर्मा भी पहुंचे थे। इस दौरान उन्होने कहा कि ड्युटी के दौरान कर्तव्य का पालन करते हुए व्यस्तता में स्वयं के स्वास्थ्य का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा तो ओर अधिक उर्जा के साथ अपने कर्तव्यों को पालन किया जा सकता है। कैंप के दौरान महिला पुलिसकर्मियों के शारिरीक-मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य जांच की गई। जिसमें पैरों के सुन्नपन, झुनझुनी और ब्लड सकुर्लेशन की आधुनिक मशीनों के माध्यम से जांच की गई। तनाव मुक्ति के लिए मेंटल फिटनेस गतिविधियों को लेकर विशेषज्ञों द्वारा परामर्श दिया गया। एसपी शर्मा के अनुसार पुलिस विभाग हमारा परिवार है। कर्तव्यों के साथ उनके स्वास्थ्य और परिवार का ध्यान रखना हमारा दायित्व है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com